52 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in | यह मुज़फ़्फ़रनगर है...

न्यूनतम 10.3 °c | अधिकतम 22.9 °c

मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय : 7:10 सूर्यास्त-5:25 | वर्ष : 52/ अंक : 353 रविवार, 22 दिसम्बर 2024 पौष, कृष्ण पक्ष, सप्तमी सम्वत् 2081 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4

अमृतवाणी

विश्वास तब तक ठीक है, जब तक खुद पर हो, दूसरों पर विश्वास अक्सर टूट जाता है योग्यताएँ, कर्म से पैदा होती हैं जन्म से हर व्यक्ति शून्य होता है।

इस जन्म में आंबेडकर का नाम जपने से हमें राजनीतिक, आर्थिक, स्वाभिमान का जीवन मिलेगा : प्रियांक खड़गे

आंबेडकर की राह पर चलना जरूरी है.....

आपत्तिजनक सामग्री के साथ मिला एक और अय्याशी का अड्डा

कैफे के संचालक उज्ज्वल व दो कर्मचारियों को नई मण्डी सीओ रुपाली राव ने हिरासत में लिया

मुजफ्फरनगर, 21 दिसम्बर (बु.)। नौजवान पीढ़ी लगातार भटकने के रास्ते पर है और अब उन्हें भटकाने के लिए मुजफ्फरनगर जैसे छोटे शहर में भी कई अय्याशी के अड्डे बन चुके हैं। ये अड्डे शिकायत होने के बाद ही पकड़े जाते हैं, उससे पहले पुलिस और माता-पिता दोनों ही इस बात से बेखबर रहते हैं कि आखिर उनकी औलाद कर क्या रही हैं? एक बार फिर मुजफ्फरनगर में ही शर्मनाक घटना सामने आई है, जिसमें गांधी कॉलोनी के लिंक रोड पर बुद्धा कैफे में आपत्तिजनक सामग्री के साथ एक युवक को उसकी गर्ल फ्रेंड के साथ पकड़ा है। शर्म की बात यह है कि जो आपत्तिजनक सामग्री पकड़ी गयी है वह प्रयोग व बिना प्रयोग दोनों तरह की पाई गयी है। आपको बता दें कि लगभग डेढ़ माह पहले महावीर चौक स्थित एक कैफे से लगभग 25 से अधिक जोड़े इसी तरह से पकड़े गए थे। उसके बावजूद भी धड़ल्ले से कैफे के नाम पर नौजवानों को बिगाड़ने का काम लगातार जारी है। ऐसे में ऐसे लोगों को कड़ी से कड़ी सजा नहीं मिली तो यूं ही नौजवान पीढ़ी बिगड़ती रहेगी और ऐसे बेशर्म लोग लगातार इसी तरह के कैफे चलाते रहेंगे। पैसा कमाने की अंधी

होड़ में ये लोग यह भी भूल जाते है कि उनके भी बच्चे हैं और बच्चों को किस हद तक जाने देना चाहिए, पैसा कमाते समय वे ये सब भूल जाते हैं।

शनिवार को मुजफ्फरनगर में एक कैफे के अंदर फिर शर्मनाक आपत्तिजनक सामग्री मिलने से तरह-तरह की चर्चाएं व्याप्त होती दिखी। दरअसल गांधी कॉलोनी के निकट लिंक रोड पर स्थित बुद्धा कैफे के नाम से कैफे चलाया जा रहा है, जिसमें पुलिस को सूचना मिली थी कि उक्त कैफे में 500 रुपये प्रतिघंटा लेकर नाबालिग व बालिग युवक युवतियों को अनैतिक कार्य करने की छूट दी जाती है। नई मण्डी पुलिस को सूचना मिलने के बाद सीओ नई मण्डी रुपाली राव अपने दल बल को लेकर उक्त कैफे पर पहुंची तो जैसी सूचना मिली थी, उसी के मुताबिक सच्चाई भी सामने आई। एक दो नहीं दर्जनों अनैतिक आपत्तिजनक सामग्री वहां से पाई गयी। कैफे में कार्यरत युवक से जब यह पूछा गया कि यहां पर जो भी लोग आते हैं, उनका कोई विवरण आपके पास है तो बताओ, इस पर कैफे में कार्यरत युवक बौखला गया और ठीक से जवाब नहीं दे पाया। इस पर पूछताछ के लिए पुलिस उसे गाड़ी में बैठाकर ले गयी। हालांकि छापामारी के दौरान वहां बैठे मिले एक दो जोड़ों को भी पुलिस ने हड़काने के बाद वहां से चलता कर दिया। इस दौरान सीओ नई मण्डी के साथ बाल कल्याण समिति की टीम भी साथ थी।

आपत्तिजनक सामग्री मिलने से ही हो गया एहसास, किस तरह से ये कैफे कर रहे नौजवान पीढ़ी का नाश

मुजफ्फरनगर, 21 दिसम्बर (बु.)। नौजवान पीढ़ी, यहां तक कि नाबालिग बच्चे आज पूरी तरह भटके हुए दिखाई पड़ रहे हैं। ना ही तो उन्हें अनैतिक कार्यों के बारे में समझाने वाला है और न ही कोई सलाह देने वाला। नौजवान पीढ़ी माता-पिता की आंखों में धूल झोंककर जो मन चाहे, वही करती नजर आ रही है। बुरे कार्यों की ओर इस उम्र में आकर्षण उन्हें भटकाव की ओर ले जा रहा है। संयम और नियम से चलने की परम्परा, किस उम्र में क्या करना है और क्या नहीं, यह सब भी हमारी नौजवान पीढ़ी जानना ही नहीं चाहती और सिर्फ बालिग ही नहीं, उससे भी अधिक संख्या में नाबालिग बच्चे गुमराह हो रहे हैं। जिस तरह की आपत्तिजनक सामग्री कैफे से मिली है, उसे देखकर शर्म तो आती ही है और यह भी पता चलता है कि आखिर हमारे संस्कार जा कहां रहे हैं? बड़ी बात यह है कि आपत्तिजनक सामग्री सिर्फ कैफे के अंदर डिब्बें में बंद नहीं बल्कि उनका प्रयोग भी वहीं के वहीं हुआ है। यह कहने में कोई गुरेज नहीं है कि ये कैफे नहीं वास्तव में खुलेआम अय्याशी के अड्डे बन चुके हैं, जहां सबकुछ खुलकर किया जा रहा है, जबकि नौजवान पीढ़ी को यह भी पता है कि यहां कैमरे भी लगे हैं उसके बावजूद भी उनके अंदर कोई शर्म और नहीं रह गयी। आगे-आगे कैसा कलयुग आएगा इसका भी अंदाजा नहीं है?

शर्म हो तो कहीं डूब मरें ऐसे कैफे संचालक

मुजफ्फरनगर, 21 दिसम्बर (बु.)। वैसे तो ऐसे कैफे संचालकों की शर्म और हया सब कुछ खत्म हो चुका होता है। और संस्कारों की बात तो इन संचालकों से न ही की जाए तो बेहतर है। गांधी कॉलोनी में भगवान बुद्धा के नाम पर कैफे चलाने वाले संचालक उज्ज्वल पुत्र यशपाल गुप्ता को कैफे चलाते समय इतनी भी शर्म नहीं आई कि वे नौजवान पीढ़ी को किस तरह से भटकाने का कार्य कर रहे हैं। जो सुविधाएं कैफे के नाम पर नौजवानों को दी जा रही थी, उन्हें देखकर तो शर्म आ ही रही है साथ ही साथ यह कहना भी गलत न होगा कि ऐसे लोगों को डूबकर कहीं मर जाना चाहिए जो इस तरह के अनैतिक कार्यों के लिए दूसरों को बच्चों को भटका रहे हैं। ऐसे में कम से कम इतनी शर्म तो अवश्य करनी चाहिए कि आपके घर परिवार या समाज में भी जो बच्चे भटक रहे हैं, वह भी आप ही के हैं। क्या जिस संचालक का यह कैफे है, उसके घर में नौजवान बच्चे नहीं होंगे और कोई उनके बच्चों को भटकायेगा तो दिल पर कैसी पीड़ा होगी इसका अंदाजा शायद उन्हें नहीं है। ऐसे लोग वास्तव में समाज में नाता रखने लायक भी नहीं होते।

संयुक्त परिवार थे तो संस्कार भी थे

मुजफ्फरनगर, 21 दिसम्बर (बु.)। आधुनिकता की अंधी दौड़ में भाई-भाई से लड़ने लगा और बाप-बेटे के बीच नहीं बनती तो एक ही समाधान दिखाई पड़ता है कि बस अलग हो जाओ और सुकून से रहो। तुम भी चैन से जियो और हम भी चैन से जियें। इसी परम्परा ने आज आधे से अधिक संस्कार खत्म कर दिये। आज से ज्यादा नहीं बीस वर्ष पूर्व भी अपने बच्चों की तो क्या पड़ोसी के बच्चे की शिकायत भी लेकर लोग घर पहुंच जाया करते थे और बाकायदा बताया करते थे कि तुम्हारा बेटा अमुख थियेटर में ये वाली फिल्म देख रहा था या फिर कहीं पान, बीड़ी, सिगरेट पीता हुआ दिखाई दिया मगर पड़ौसी की परम्परा तो दूर अब तो सगे भाई भी एक दूसरे के बच्चों के बारे में कुछ कहने का अधिकार नहीं रखते, क्योंकि पता है कि सामने वाले से

शेष - पृष्ठ-4 पर

मां-बाप पैसा कमाएं या बच्चों का रखें ध्यान, बच्चे खुद ही रख लें मां-बाप का सम्मान

मुजफ्फरनगर, 21 दिसम्बर (बु.)। माता-पिता आज बच्चों की सारी खुशियां पूरी करने की खातिर आर्थिक तंगी से जूझते हुए भी दिन निकलते ही व्यवसाय के लिए निकल जाते हैं। एक जमाना था जब सिर्फ पिता नौकरी अथवा व्यवसाय करते थे और पूरे परिवार को अकेले ही पाल लिया करते थे, पर एक बात से निश्चिंत रहते थे कि उनके बच्चे कोई अनैतिक कार्य करके उनके माथे कलंक नहीं लगाएंगे। इसलिए वह 12-12 घंटे के लिए निश्चिंत होकर अपाने काम पर चले जाया करते थे। मगर अब महंगाई के दौर में माता-पिता दोनों को अलग-अलग काम करना पड़ रहा है, वो इसलिए कि बच्चों की जरूरतें पहले से दस गुणा ज्यादा हो गयी हैं। आधुनिकता की रफ्तार इतनी तेज हो चली है कि जिस जमाने में माता-पिता बच्चों को साइकिल भी नहीं दिला पाते थे, मगर आज के माता- पिता अपने आपको बेचकर बच्चों को मोबाइल, एक्टिवा, खूबसूरत कपड़े व महंगी पढ़ाई आदि उनकी सारी जरूरतें पूरी कर रहे हैं। ऐसे में मां-बाप दोनों सुबह ही दोनों नौकरी अथवा व्यवसाय पर निकल जाते हैं और शाम और देर रात को वापस लौटते हैं। इसी बीच बच्चे कब और कहां जा रहे हैं, इस बात के लिए ध्यान रखना मां बाप के लिए मुश्किल हो जाता है। इसी का लाभ उठाकर बच्चे दोस्ती नाम के नए रिश्ते में फंस जाते हैं। बड़ी बात यह है कि जो दोस्त बिगाड़ने की राह पर ले जाता है, नादान पीढ़ी उसे अपना दोस्त बताने लगती है। यही दोस्त उसे अनैतिक कार्यों की राह दिखाता है। एक जमाना था कि जब तक बच्चा बालिग न हो जाए, तब तक मां-बाप उसे कैफे में बैठने की बात तो दूर काले- सफेद टीवी पर फिल्म तक देखने नहीं देते थे। चाहे कितनी भी शालीन फिल्म क्यों न हो मां बाप यही कहते थे कि बच्चों का काम फिल्म देखने का नहीं है, यह उम्र पढ़ाई की है, मगर आज मोबाइल में बच्चे क्या-क्या देख रहे है, इसका अंदाजा भी लगा पाना मुश्किल है। मां-बाप कहां-कहां तक निगाहें रखेंगे, या तो वे अपने बच्चों की

शेष - पृष्ठ-4 पर

S.M. HOSPITAL
SHANTI MADAN HOSPITAL
Always caring, Always here.

डायलिसिस
की सुविधा अब आपके अपने शहर में!
• अनुभवी डॉक्टर और स्टाफ।
• उन्नत मशीनों के साथ।
• 24x7 उपलब्ध सेवा।

शांति मदन अस्पताल, मुज़फ्फरनगर में डायलिसिस की सुविधा अब आपके अपने शहर में उपलब्ध है। यहां अनुभवी डॉक्टर, प्रशिक्षित स्टाफ और उन्नत मशीनों के साथ किडनी रोगियों के लिए सुरक्षित और आरामदायक डायलिसिस सेवा प्रदान की जाती है। 24x7 सेवा का लाभ उठाने के लिए आज ही संपर्क करें।

Dr. Bhanu Mishra
M.D. (General Medicine)
DrNB (Nephrology)
Kidney Transplant Expert
consultant at
BLK MAX Hospital, Delhi.

शांति मदन अस्पताल, मुज़फ्फरनगर में अब डायलिसिस और अन्य स्वास्थ्य सेवाएं आपके लिए उपलब्ध हैं। यहां अनुभवी डॉक्टर और उन्नत मशीनों के साथ दांतों का इलाज (डेंटल), यूरोलॉजी, पैथोलॉजी,नेफ्रोलॉजी और किडनी से जुड़ी बीमारियों का इलाज किया जाता है। भरोसेमंद और किफायती इलाज के लिए आज ही संपर्क करें।

नेफ्रोलॉजी ओ. पी. डी.
प्रत्येक महीने के हर मंगलवार
सुबह 10:30 बजे से दोपहर 1 बजे तक

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें :
For Appointments: 9760 25 4747
www.shantimadanhospital.com
244, North Civil Lines, Thana Civil Lines, Muzaffarnagar.

ੴ
।। ਘਲੇ ਆਵਹਿ ਨਾਨਕਾ ਸਦੇ ਉਠੀ ਜਾਹਿ।।

सरदार जोगेन्द्र सिंह खुराना
(01.01.1937 to 17.12.2024)

अत्यन्त दुःख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारे प्रिय
सरदार जोगेन्द्र सिंह खुराना का आकस्मिक स्वर्गवास
दिनांक 17 दिसम्बर 2024, दिन- मंगलवार को हो गया है।
प्रभु की ऐसी ही इच्छा थी।

कीर्तन एवं अन्तिम अरदास
दिनांक:- 22 दिसम्बर 2024, दिन- रविवार को 2 से 3 बजे
स्थान: गुरु सिंह सभा गुरुद्वारा, गाँधी कॉलोनी, गली नं. 10, मुजफ्फरनगर

-: शोकाकुल परिवार :-
गुरप्रीत सिंह खुराना (बन्टू) एवं मनप्रीत कौर (पुत्र एवं पुत्रवधु)
अमनदीप सिंह खुराना (बन्नी) एवं नीति सिंह (पुत्र एवं पुत्रवधु)
नवनीत सिंह खुराना (सन्नी) एवं हरप्रीत कौर (पुत्र एवं पुत्रवधु)
गगनदीप सिंह खुराना एवं मनदीप कौर (पुत्र एवं पुत्रवधु)
करनदीप सिंह खुराना एवं अमनप्रीत कौर (पुत्र एवं पुत्रवधु)
समस्त खुराना परिवार
हरप्रीत सिंह खुराना एवं जसपाल कौर (भाई एवं भाभी)
उजेन्द्र सिंह खुराना एवं हरभजन कौर (भाई एवं भाभी)
अमरजीत कौर खुराना (भाभी)
गुरमीत कौर एवं डॉ0 सुरजीत सिंह गुगलानी (पुत्री व दामाद)
रमनदीप कौर एवं प्रीतपाल सिंह ढींगरा (पुत्री व दामाद)
तरविंदर कौर एवं हरजीत सिंह छाबड़ा (पुत्री व दामाद)

प्रतिष्ठानः-
ओनकार ट्रेडर्स
ब्रिकलेन कंसल्टेंट
राम इण्डस्ट्रीज
ओनकार एन्टरप्राईजेज

पता :- 157, गाँधी कॉलोनी, लेन न0. 10, मुज़फ्फरनगर (उत्तर प्रदेश) | मोबाईल न0- +91-88269 53222, 9358461846,9910383717

महिला ने मूल निवास व जाति प्रमाण पत्र न बनाने का लगाया आरोप

बुढ़ाना, 21 दिसम्बर (बु.)। अपने पति से अलग रह रही एक महिला ने मीडिया के समक्ष अपना दुखड़ा रोते हुए बताया कि संबंधित अधिकारी उसका मूल निवास और जाति प्रमाण पत्र नहीं बना रहे हैं। उससे पैसे मांगे जा रहे हैं। अगर उसके ये प्रमाण पत्र नहीं बने तो वह कोई भी गलत कदम उठा लेगी, जिसकी जिम्मेदारी अधिकारियों की होगी। गांव सिसोली की एक महिला एक वर्ष से धक्के खा रही है। उसका कहना था कि उसकी शादी पिछले वर्ष 08 मई को उत्तराखंड में हुई थी। शादी के दो माह बाद से ही उसके पति का उससे कुछ घरेलू विवाद चल रहा है। जिसका केस फाइल है। वह करीब एक वर्ष से अपने मायके में ही रह रही है। उसने इस बीच सरकारी नौकरी के लिए अपना मूल निवास व जाति प्रमाण पत्र एप्लाई किया था, जिसे लेखपाल ने शादी हो चुकी है ये कहकर रिजेक्ट कर दिया और उससे ये प्रमाण पत्र बनवाने के लिए एक हजार रुपए मांगे। जब उसने पैसे देने से मना किया तो संबंधित कर्मचारी ने उसके प्रमाण पत्र बनाने से इंकार कर दिया। वह एक साल से बुढ़ाना तहसील और मुजफ्फरनगर के चक्कर काट रही हूं, परंतु उसके प्रमाण पत्र नहीं बने। महिला ने चेतावनी दी है कि अगर उसका प्रमाण पत्र नहीं बनता है, तो वह कुछ भी गलत कदम उठा लेगी।

सिविल बार के अध्यक्ष सुनील मित्तल व महासचिव बने राजसिंह

- उपाध्यक्ष संजय शर्मा व राधे श्याम को कोषाध्यक्ष का जिम्मा - इस बार बिजेन्द्र मलिक नहीं बना पाए रिकार्ड, हुए पराजित

मुजफ्फरनगर, 21 दिसम्बर (बु.)। सिविल बार एसोसिएशन की कार्यकारिणी वर्ष-2025 के वार्षिक कार्यकारिणी के चुनाव में शनिवार को संपन्न हुई मतगणना के बाद अध्यक्ष पद पर सुनील कुमार मित्तल व महासचिव पद पर राजसिंह रावत विजयी घोषित हुए। वहीं उपाध्यक्ष पद पर संजय शर्मा, कोषाध्यक्ष राधेश्याम गर्ग, सह सचिव प्रशासन पर अभिषेक खन्ना व सह सचिव पुस्तकालय पद पर प्रवीर कुमार संगल ने जीत हासिल कर बार एसोसिएशन में कीर्तिमान सथापित किया। चुनाव परिणाम घोषित होते हुए समर्थकों ने विजयी पदाधिकारियों का फूल मालाएं पहनाते हुए भव्य स्वागत किया। इस दौरान कचहरी परिसर में अधिवक्ताओं ने एक दूसरे को बधाई देते हुए मिष्ठान्न खिलाकर खुशी मनाई। इस दौरान समर्थकों में विशेष उत्साह दिखाई दिया। सिविल बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव के लिए शुक्रवार को अध्यक्ष-महासचिव समेत 18 पदों पर मतदान के बाद शनिवार को प्रातः 10 बजे शुरू मतगणना में वरिष्ठ और कनिष्ठ सदस्यों के छह-छह पदों की गिनती होने के बाद मुख्य पदों की मतगणना शुरू हुई। एक-एक मतपत्र को पूर्ण पारदर्शिता से जांच करने पर गिनती की गई। गिनती के दौरान दोनों पक्षों की धड़कने बढ़ती रही। सायं तक प्राप्त चुनाव नतीजों में सिविल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष पद पर जहां सुनील कुमार मित्तल को 224 मत प्राप्त होने पर विजयी घोषित किया गया, वहीं अशोक

कुशवाहा 117 मतों पर सिमट गए। वहीं महासचिव पद पर राज सिंह रावत को 193 व बिजेन्द्र सिंह मलिक को 149 मत प्राप्त हुए। बिजेन्द्र मलिक इस बार चुनाव हार गए। उपाध्यक्ष पद पर संजय शर्मा 236 मतों के साथ विजयी और सुनील कुमार गुलियान 103 मत पाकर चुनाव हार गए। कोषाध्यक्ष पद पर राधे श्याम गर्ग को 232 मत प्राप्त हुए, जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी निपुण जैन 111 मत ही पा सके। सह सचिव प्रशासन पद पर अभिषेक खन्ना 192 मत व अन्नु कुच्छल 147 मत ही प्राप्त कर सके। वहीं सह सचिव पुस्तकालय पद पर प्रवीर कुमार संगल को 204 मत व ध्रुव कुमार मित्तल को 128 मत प्राप्त हुए। शनिवार को घोषित चुनाव परिणाम में वरिष्ठ सदस्य के 6 पदों पर अब अनीता रानी को 220, चन्द्र प्रकाश जैन को 213, कुलदीप सिंह को 212, सोहन लाल को 212, राजेन्द्र कुमार-197, विजय कुमार को 195, अरविन्द कुमार-106, देव शर्मा-123, हरीश कुमार-110, खुशबू सिंह-120, सतेन्द्र कुमार-118 व विपिन कुमार-120 मत प्राप्त हुए। वहीं कनिष्ठ सदस्य पद पर कु. अनु को 241, कृष्ण पाल को 201, नैना त्यागी को 223, राकेश कुमार को 205, संजीव कुमार कंसल को 209 व सुनील कुमार को 211 मत प्राप्त करने के साथ विजयी घोषित किए गए। वहीं अनिल कुमार-109, कु. अन्नु रानी-130, हिमांशु कुमार-114, रजत कुमार-101 व संत कुमार को 110 मत पर संतोष करना पड़ा। एल्डर चुनाव कमेटी चेयरमैन अवध बिहारी लाल गुप्ता, मुख्य चुनाव अधिकारी सैय्यद जैगम मियां जैदी व चुनाव अधिकारी मुकेश कुमार त्यागी, बिजेन्द्र प्रताप ने बताया कि सिविल बार एसोसिएशन वर्ष 2025 की कार्य कारिणी के लिए शुक्रवार को संपन्न मतदान में 390 मतदाताओं में से 349 मतदाताओं द्वारा किए मतदान के बाद शनिवार को संपन्न मतगणना में सुनील कुमार मित्तल अध्यक्ष व महासचिव पद पर राज सिंह रावत ने विजयश्री प्राप्त की। चुनाव अधिकारियों ने सिविल बार एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

किसान मजदूर संगठन ने घेरी कलेक्ट्रेट, अफसर बनाए बंधक

- घंटों की मशक्कत बाद सौंपा ज्ञापन, समस्या निदान की मांग - चेतावनीः समस्या समाधान न होने पर किया आरपार का ऐलान

मुजफ्फरनगर, 21 दिसम्बर (बु.)। किसान मजदूर संगठन ने विभिन्न मांगों को लेकर शनिवार को कलेक्ट्रेट का घेराव करते हुए धरना दिया। इस बीच घंटों तक अफसरों को धरने पर अपने बीच बंधक बनाकर बैठाते हुए किसानों से जुड़ी समस्याओं का निदान होने और उच्च अधिकारियों को धरने पर बुलाने की मांग कर प्रशासन में बैचेनी बढ़ाए रखी। धरनारत किसानों की मान-मनौव्वल के बीच संगठन ने अधिकारियों को अलग-अलग दो ज्ञापन सौंपे। एक ज्ञापन में जिला स्तर की विभिन्न समस्याएं रखते हुए उन्हें पूरा करने की मांग की। वहीं दूसरे ज्ञापन में डीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम सौंपे 9 सूत्रीय ज्ञापन में समस्याओं के निदान कराने की मांग की। पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत शनिवार को कलेक्ट्रेट में किसान मजदूर संगठन से जुड़े किसानों ने जिलाध्यक्ष ठाकुर दीपक सोम के नेतृत्व में धरना दिया। धरने को संबोधित करते हुए ठा. दीपक सोम ने बिजली, पानी, जलभराव, चकबंदी, सुरक्षा व्यवस्था के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों की आए दिन ट्यूबवैलों की चोरी रोकने में पुलिस प्रशासन को विफल बताते हुए आरपार की लड़ाई का ऐलान किया।

1इस बीच धरने पर पहुंचे नगर मजिस्ट्रेट विकास कश्यप व सीओ समेत अन्य कई अधिकारियों को धरने पर बैठने को विवश करते हुए जनपद के उच्चाधिकारियों के पहुंचने से पूर्व मांग पत्र न सौंपने का ऐलान कर दिया। किसान संगठन के बढ़ते विरोध को किसी तरह शांत कराया गया, तब कहीं जाकर किसानों ने अपनी मांगों का ज्ञापन प्रशासन को सौंपा। मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन में संगठन ने किसानों के संपूर्ण कर्ज माफी के साथ किसानों व मजदूरों की घरेलू बिजली मुफ्त, आवारा पशुओं से मुक्ति, बकाया गन्ना, सभी सड़कों को गांव-देहात से जोड़ने, 15 किमी दायरे में टोल मुक्ति के साथ दिल्ली से अंबाला तक यात्री रेल सेवा पूर्व की भांति संचालित किए जाने की मांग की। इस दौरान धरने पर किसान मजदूर संगठन के जिलाध्यक्ष ठा. दीपक सोम, बिल्लू राणा, राकेश राजपुत, कृष्ण राणा, प्रशांत राणा, बिक्रम सिंह, सुधीर चौहान, अंकित राणा, श्रीकांत तोमर, मूसा ठेकेदार समेत जिलेभर से हजारों की संख्या में आए किसान और मजदूरों ने अपनी उपस्थिति धरने पर देते हुए किसान-मजदूर एकता का संकल्प दोहराया।

जिला स्तरीय समस्याओं के निदान की उठाई मांग

मुजफ्फरनगर, 21 दिसम्बर (बु.)। किसान मजदूर संगठन ने शनिवार को कलेक्ट्रेट का घेराव करते हुए धरना दिया। इस बीच प्रशासन को सौंपे ज्ञापन में उन्होंने जिला स्तरीय समस्याओं में बुढ़ाना क्षेत्र के गांव जौला बिजलीघर से कुरालसी बिराल एवं परासौली में तीनों बिजलीघर पर 33 केवी की लाइन होने से बिजली कटौती से परेशानी बताते हुए इस लाइन को अलग-अलग किए जाने की मांग की। वहीं कुरालसी में 31 एसएल से कलीराम तक लकड़ी के क्रॉस फार्म, खंभे एवं तार बदले जाने की मांग की। चरथावल क्षेत्र के गांव कछौली में रोहाना फीडर से लाइन की दूरी 10 किमी है, अधिक भार से बिजली गुल होने की बात करते हुए गांव में ही बिजली घर बनवाने की मांग की। वहीं गांव नसीरपुर, पीपलशाह एवं तितावी में चकबन्दी प्रक्रिया में नदी के रकबे में भ्रष्टाचार करके सैकड़ों बीघा भूमि किसानों को दिए जाने की जांच कराकर रकबा खाली कराने और गांव लखान, तितावी, बिराल की चकबंदी की समस्याएं रखी गई। तितावी क्षेत्र में पानीपत-खटीमा राजमार्ग पर तितावी में तीन स्कूल एवं थाना तितावी पर फुट ओवर ब्रिज की मांग की। तितावी से गांव धनसैनी को जा रही पुलिया को बनवाने की मांग रखी। वहीं खतौली क्षेत्र में एनएच 58 से ग्राम टबीटा तक बंद रजवाहे की सफाई कराने व रतनपुरी से राड़धना के क्षतिग्रस्त मार्ग को बनवाने की मांग रखी। वहीं बिजली विभाग द्वारा रात में अवैध तरीके से घरों में कूदकर छापेमारी बन्द करने की मांग की।

निर्माणाधीन सड़क गुणवत्ता जांचने को पहुंची चेयरपर्सन

- ठेकेदार को गुणवत्तापूर्ण कार्य सड़क निर्माण में करने के निर्देश -

मुजफ्फरनगर, 21 दिसम्बर (बु.)। नगरीय विकास को पंख लगाने की दिशा में शुरू कवायदों के बीच तमाम निर्माण कार्यों की गुणवत्ता परखने को चेयरपर्सन अब सड़कों पर निकल गई है। इस बीच जहां वे नगर पालिका कार्यालय की बेपटरी कार्य शैली को बदलने को छापेमारी करने में जुटी हैं, वहीं कंपनी बाग की दुर्दशा को सुधारने में लगातार वे सक्रिय हैं। इसके साथ वार्ड स्तर की साफ-सफाई व निर्माण कार्यों की गुणवत्ता के लिए लगातार काम करने में लगी हैं। शनिवार को इन्हीं कवायदों के बीच चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने नगरपालिका परिषद के वार्ड 30 में चल रहे निर्माण कार्यों की गुणवत्ता को परखा। चेयरपर्सन शनिवार को स्वयं मौके पर पहुंची। यहां पर उन्होंने निर्माणाधीन सीसी रोड और नाली की गुणवत्ता को नजदीक से परखा। चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप इस दौरान वार्ड 30 तुलसीनगर में हाल ही में बनी 170 मी. लंबी व 20 फुट चौड़ी आरसीसी सड़क का निरीक्षण किया, जिसमें आरसीसी की नाली निर्माण का कार्य भी शामिल है। नाली एक फुट लंबी तथा 1 फीट गहरी है। निरीक्षण के दौरान सड़क पर वर्तमान में मिट्टी भराव का कार्य चल रहा है। चेयरपर्सन द्वारा सड़क पर पड़ी हुई मिट्टी को खोदकर सड़क की गुणवत्ता की जांच की। इस दौरान मौके पर मौजूद जेई कपिल कुमार और निर्माण ठेकेदार मुकेश कुमार को गुणवत्तापूर्ण निर्माण करने के लिए दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सभासद नवनीत कुमार गुप्ता मौजूद रहे।

निर्माण कार्यों में मिली खामी पर चेयरपर्सन दिखी सख्त

- निर्माण जेई के प्रति चेयरपर्सन ने जताई नाराजगी, भेजा नोटिस -

मुजफ्फरनगर, 21 दिसम्बर (बु.)। नगर पालिका कन्या इंटर कॉलेज में चल रहे निर्माण कार्यों में त्रुटियां मिलने पर चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने कड़ी नाराजगी जताई है। चेयरपर्सन ने इस मामले में निर्माण विभाग जेई को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। वहीं तीन दिन के अंदर स्पष्टीकरण मांगा है। नगरपालिका परिषद चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने नगरीय क्षेत्र में शुरू निर्माण कार्यों की गुणवत्ता परखने को बीते 18 दिसंबर को नगर पालिका कन्या इन्टर कॉलेज में चल रहे निर्माण कार्यों का इस बीच निरीक्षण किया था। उक्त निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्य में कई महत्वपूर्ण त्रुटियां पायी गयी। निरीक्षण के बीच कॉलेज के कमरों की छत पर जहां एक ओर आरसीसी संबंधी कार्य हुआ है, वहीं कई जगह टपकता पाया गया। इसके अलावा बरामदे के पिलर में बड़ा पेड़ मौके पर मिला, जिसकी जड़े पिलर से निकाली हुई नहीं पायी गयी। इस कारण निकट भविष्य में विद्यालय भवन को क्षति पहुंचने की पूरी संभावना है।

इसके अलावा दीवार में पुट्टी से दरारें भरने के प्रमाण मिले थे। वहीं विद्यालय भवन का मेन गेट जो जर्जर अवस्था में है उसे सुन्दर डिजाइन के साथ प्राथमिकता से लगवाने के जेई को निर्देश दिए गए थे, लेकिन जेई ने चेयरपर्सन के आदेशों को पालन नहीं किया। ठेकेदार से वॉल पुट्टी कार्य कराया परन्तु कमरों में पुट्टी कराने से पूर्व मरम्मत कार्य नहीं कराया गया। इससे निर्माण कार्य में दरार होने के कारण पालिका द्वारा व्यय होने वाली धनराशि व्यर्थ दिखाई दी। ऐसा अधिकतर कमरों में निरीक्षण के दौरान पाया गया। बरामदे की छत में भी कई जगह इसी प्रकार की स्थिति पायी गयी। उक्त सभी मामलों में जेई को नोटिस बताओ नोटिस देते हुए चेयरपर्सन ने जवाब मांगा है।

उपजिलाधिकारी ने फरियादियों की समस्याएं सुनी, किया निस्तारण

खतौली, 21 दिसम्बर (बु.)। उपजिलाधिकारी मोनालिसा जौहरी की अध्यक्षता में तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों की समस्याओं को सुनकर उनका त्वरित निस्तारण किया गया। मिली जानकारी के अनुसार तहसील कार्यालय में आयोजित सम्पर्ण समाधान दिवस में राजस्व, अवैध कब्जा, भूमि विवाद, चकबंदी, राशन कार्ड आदि से सम्बंधित शिकायतें मुख्य रूप से आयी। इस दौरान उपजिलाधिकारी मोनालिसा जौहरी द्वारा शिकायतों से सम्बंधित विभाग अधिकारियों व कर्मचारियों को शिकायतों का शत प्रतिशत निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया। सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजन में सीओ खतौली, कोतवाली प्रभारी, तहसीलदार सहित अन्य प्रशासनिक विभागीय अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। दूसरी ओर बीती रात उपजिलाधिकारी मोनालिसा जौहरी द्वारा शासन के निर्देशानुसार नगर क्षेत्र में मौजूद रैन बसेरों का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान उपजिलाधिकारी द्वारा रैन बसेरों में रहने वाले लोगों के लिए रजाई, बैड, गद्दा आदि सामानों की भी बारीकी से जांच पड़ताल की गयी तथा रैन बसेरों में बनाए गए महिला व पुरुष शौचालयों का निरीक्षण कर साफ सफाई व्यवस्था सुचारू बनाने के निर्देश दिये। इसके साथ ही उपजिलाधिकारी द्वारा शरद ऋतु को संज्ञान में लेकर शासन के निर्देशानुसार जलाए जा रहे जानसठ तिराहा, बुढ़ाना तिराहा, दयालपुरम, रोडवेज बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन आदि स्थानों पर अलाव की व्यवस्था का निरीक्षण किया। इस दौरान अलाव की व्यवस्था देख रहे कर्मचारियों को उपजिलाधिकारी द्वारा मानक के अनुसार सूखी व मोटी लकड़ी निर्धारित मात्रा में जलाये जाने तथा रात्रि भर अलाव के जलने की समुचित व्यवस्था सुचारू बनाये जाने के निर्देश दिये।

स्वास्थ्य विभाग ने अवैध अस्पताल, चिकित्सकों को थमाए नोटिस

भोपा, 21 दिसम्बर (बु.)। मुख्य चिकित्साधिकारी मुजफ्फरनगर के आदेशानुसार चिकित्सा विभाग की टीम ने मोरना, भोपा में छापेमारी की तथा अवैध अस्पताल व चिकित्सकों को नोटिस देकर दो दिन के भीतर मुख्य चिकित्साधिकारी मुजफ्फरनगर के समक्ष आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत करने के दिशा निर्देश दिये। मोरना भोपा में चिकित्सा विभाग की कार्रवाई से हड़कम्प मच गया। मोरना चिकित्साधिकारी डॉ. सतेन्द्र कुमार ने बताया कि सीएमओ मुजफ्फरनगर के आदेशानुसार मोरना भोपा क्षेत्र में निजी चिकित्सकों, पैथोलोजी लैब, कलेक्शन सैंटर, डायग्नोस्टिक सैंटर, क्लीनिक, हॉस्पिटल, नर्सिंग होम व अन्य जांच परामर्श केन्द्रों के पंजीकरण, अधिकृत वैद्य चिकित्सा पद्धति से संबंधी शैक्षिक डिग्री, डिप्लोमा, उपकरण व स्टाफ व स्टाफ पोजीशन की जांच की जा रही है, जिसके तहत अयोग्य, अपंजीकृत चिकित्सकों, चिकित्सा प्रतिष्ठानों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में मोरना डॉ. फिरोज भारत मेडिकेयर, डॉ. सुषमा शीला मेमोरियल क्लीनिक, डॉ. पुष्पा राठौर मोरना, डॉ. प्रियंका कशिश भोपा को नोटिस देकर दो दिन के भीतर मुख्य चिकित्साधिकारी मुजफ्फरनगर के समक्ष आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत करने के लिए निर्देशित किया गया है।

वन विभाग द्वारा खड़ी फसल नष्ट करने पर किसानों ने किया प्रदर्शन

- वन विभाग ने जोत डाली किसानों की खड़ी फसल, खोदी खाई - किसानों ने दी आत्मदाह की चेतावनी

भोपा, 21 दिसम्बर (बु.)। शुकतीर्थ गंगा खादर क्षेत्र में वन विभाग द्वारा किसानों की खड़ी फसल में जबरदस्ती खम्भे गाड़ने व फसल को नष्ट करने से नाराज किसानों द्वारा वन विभाग के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया गया। किसानों ने वन विभाग पर मनमानी करते हुए जबरदस्ती बिना पैमाईश किए उनकी जमीनों में खम्भे गाड़ने के गम्भीर आरोप लगाये। जनपद बिजनौर क्षेत्र के सकूरपुर बरामदा व भगवतीपुर आदि की भूमि पर खेती कर रहे किसान अशोक, सुखविन्दर सिंह, रामकुमार, शमशाद, रामकिशन, बीरसिंह, अंकुर, जाकिर, अनस, कुशलपाल, सोनू, गम्भीर सिंह, इस्लाम आदि ने बताया कि पिछले 50 से भी अधिक वर्षों से वे अपनी जमीन जोत रहे हैं। पिछले कुछ दिनों से वन विभाग उनकी खड़ी फसल में झंडी लगाकर सर्वे के नाम उनकी फसल को खुर्दबुर्द कर रहे हैं। किसानों की जमीन पर वन विभाग ने चिन्हित कर बिना तिहादे व पैमाईश के ही जबरदस्ती उसमें गहरी खाई खोद दी है, जिससे किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड रहा है। इन जमीनों पर कई कई बार बैनामा व दाखिल खारिज हो चुका है। किसानों को इन जमीनों पर राजस्व की टीमों ने ही जमीन पर पैमाईश करके बैठाया है। वन विभाग व प्रशासन काफी समय से किसानों का सीमांकन के नाम पर उत्पीड़न कर रहा है। वन विभाग द्वारा बिना नोटिस दिये व बिना राजस्व की टीम के फसल व मेंढ को खुर्दबुर्द कर किसानों की खड़ी फसल में खाई खोद दी है, जिससे उन्हें भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। वन विभाग ने मनमानी ढंग से बिना पैमाईश के खेतों में खम्भे गाड़ दिये हैं। इस जमीन पर 2014 से बंदोबस्त को लेकर माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद द्वारा स्टे किया हुआ है। इसके बावजूद भी वन विभाग ने कोर्ट के आदेश की अवमानना करते हुए फसल को नष्ट कर खेतों में खाई खोद दी है तथा खम्भे गाड़ दिये हैं। वन विभाग द्वारा किसानों को बिना वजह परेशान किया जा रहा है। किसानों ने प्रशासन व वन विभाग से मांग की है कि सही पैमाईश कर वन विभाग अपनी जमीन ले ले तथा किसानों को उनकी जमीन पूरी करके दी जाए। हरियाणा निवासी किसान सुखविन्दर सिंह ने बताया कि उसने हरियाणा से अपनी सारी जमीन बेचकर उत्तर प्रदेश के शुकतीर्थ खादर क्षेत्र में जमीन खरीदी थी, लेकिन उनकी जमीन पर वन विभाग अपनी जमीन बताकर निशानदेही कर रहा है व फसल नष्ट कर रहा है। वन विभाग यदि ऐसे ही उसे परेशान करता रहा, तो वह आत्मदाह करने पर मजबूर हो जाएंगे।

संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम व एसएसपी ने सुनी समस्याएं

बुढ़ाना, 21 दिसम्बर (बु.)। डीएम उमेश मिश्रा व एसएसपी अभिषेक सिंह ने बुढ़ाना तहसील परिसर में पहुंचकर क्षेत्र के लोगों की समस्याओं को ध्यान से सुना और उन सब समस्याओं को 7 दिनों के भीतर निस्तारित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। यहां गांव खरड़ की दलित विधवा वृद्धा ने अपने घर के आगे नाली बनवाए जाने की मांग करते हुए ग्राम प्रधान पर नेतागिरी करने का आरोप लगाते हुए कहा कि गांव के प्रधान ने उसके घर के आगे का खड़ंजा उखाड़कर उसके घर के बाहर नाली बनाने का रास्ता खत्म कर दिया है। ग्राम प्रधान एक पूर्व मंत्री को बरगलाकर उसकी नाली बनने नहीं दे रहा है और कह रहा है कि उसी का काम होगा, जिसने मुझे वोट दी है, जिस पर बीडीओ सतीश कुमार को मौके पर तलब कर डीएम ने पूछा कि इनकी नाली क्यों नहीं बन रही, तो वे बोले की आगे अंबेडकर की मूर्ति है, तो इस पर डीएम भड़क गये और कहा कि विधवा वृद्धा की नाली बनवाई जाए। अगर फिर शिकायत मिली, तो फिर निलंबन की कार्यवाही के लिए तैयार रहें। इसके अलावा गांव दुर्गनपुर के देवेन्द्र ने बताया कि पड़ोसी बिट्टू आदि रास्ते में अतिक्रमण करते हैं। गांव बिराल के पूर्व प्रधान ने बताया कि गांव में चकबंदी का कार्य रुका हुआ है, जिसको पूरा कराया जाए। हरियाखेड़ा से भी शिकायती पत्र आया। यहां नये सीएमओ डाक्टर सुनील तेवतिया का सीएचसी प्रभारी डॉक्टर अर्जुन सिंह, नगरीय पीएचसी प्रभारी डॉक्टर सोनू कश्यप व अन्य स्वास्थ्यकर्मियों ने बुके भेंट कर स्वागत किया।

किसी प्रधानमंत्री को यहां आने में चार दशक लग गए'

पीएम नरेंद्र मोदी का कुवैत पहुंचने पर जोरदार स्वागत

नई दिल्ली, 21 दिसंबर (एजेंसी)। प्रधानमंत्री कुवैत के शेख मेशाल अल अहमद अल जबार अल सबाह के बुलावे पर कुवैत पहुंचे। यह बीते 43 वर्षों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री का पहला कुवैत दौरा है। कुवैत में भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा, मेरे लिए यह पल बहुत खास है। चार दशक से भी ज्यादा समय यानी 43 साल बाद भारत का कोई प्रधानमंत्री कुवैत आया है। हिंदुस्तान से यहां आने में चार घंटे लगते हैं, लेकिन प्रधानमंत्री को यहां आने में चार दशक लग गए। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, भारत, दुनिया के उन पहले देशों में से एक है, जिसने कुवैत की स्वतंत्रता के बाद उसे मान्यता दी थी। इसलिए जिस देश से, जिस समाज से इतनी सारी यादें जुड़ी हैं... वहां आना मेरे लिए बहुत यादगार है। मैं कुवैत के लोगों और यहां की सरकार का बहुत आभारी हूं। भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा, कुवैत के प्रसिद्ध व्यापारी अब्दुल लतीफ अल-अब्दुल रज्जाक की किताब 'हाउ टू कैल्कुलेट पर्ल वेट' मुंबई में छपी थी। कुवैत के बहुत सारे व्यापारियों ने निर्यात और आयात के लिए मुंबई, कोलकाता, पोरबंदर और गोवा में अपने कार्यालय खोले हैं। कुवैत के बहुत सारे परिवार आज भी मुंबई की मोहम्मद अली गली में रहते हैं। बहुत सारे लोगों को यह जानकर हैरानी होगी कि 60-65 साल पहले कुवैत में भारतीय रुपये वैसे ही चलते थे, जैसे भारत में चलते हैं। यानी यहां किसी दुकान में कुछ खरीदने पर भारतीय रुपये ही स्वीकार किए जाते थे। तब भारतीय मुद्रा की जो शब्दावली थी, जैसे रुपया, पैसा, आना, ये भी कुवैत के लोगों के लिए बहुत सामान्य था। एक समय था जब कुवैत से मोती, खजूर और शानदार नस्ल के घोड़े भारत जाते थे और भारत से भी बहुत सारा सामान यहां आता रहा। भारत के चावल, चाय, मसाले, कपड़े, लकड़ी यहां आती थी। भारत की नावों में सवार होकर कुवैत की नाविक लंबी यात्रा करते थे। कुवैत के मोती भारत के लिए किसी हीरे से कम नहीं रहे हैं। आज भारत की ज्वैलरी की पूरी दुनिया में धूम है, तो उसमें कुवैत के मोतियों का भी योगदान है। रामायण और महाभारत अरबी भाषा में भी प्रकाशित हुए हैं। पुस्तक के प्रकाशक अब्दुल्ला लतीफ अलनेसेफ और रामायण-महाभारत को अरबी में अनुवाद करने वाले अब्दुल्ला बैरन ने कुवैत सिटी में प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात की। तलीफ अलनेसेफ ने कहा, मैं बहुत खुश हूं। यह मेरे लिए सम्मान की बात है। पीएम मोदी इससे बहुत खुश हुए। ये पुस्तकें बहुत महमत्वपूर्ण हैं। उन्होंने (पीएम मोदी) दोनों पुस्तकों पर हस्ताक्षर किए।

कुवैत में मोदी ने कहा...

पीएम नरेंद्र मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, कुवैत पहुंचने पर गर्मजोशी से स्वागत किया गया। यह 43 वर्षों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली यात्रा है और यह यात्रा निसंदेह विभिन्न क्षेत्रों में भारत-कुवैत दोस्ती को मजतबूत करेगी। मैं आज और कल के लिए तय कार्यक्रमों का इंतजार कर रहा है। प्रधानमंत्री ने कुवैत सिटी में भारतीय मूल के लोगों से मुलाकात की। हाथों में तिरंगा थामे भारतीय मूल के लोगों का उत्साह भी इस दौरान देखने लायक रहा। प्रधानमंत्री से मिलकर भारतीय समुदाय के लोग बेहद खुश दिखाई दिए।

किराये हेतु उपलब्ध है
एक शोरूम शामली रोड नदी के पुल के पास प्रेमपुरी, मुजफ्फरनगर
18x15 प्रथम तल (टाईल्स, पत्थर, POP)
18x18 द्वितीय तल (टाईल्स, पत्थर, POP)
18x18 तृतीय तल (टाईल्स, पत्थर, POP)
टॉयलेट, बाथरूम, पानी, बिजली फिटिंग, एल्युमिनियम गेट, सी.सी.टी.वी. कैमरे के साथ पैथोलॉजी लैब, कोरियर आदि कार्य के लिए अति उत्तम
सम्पर्क करें- 8791100315 9634481620 9927138486

युवक पर चाकू से किया जानलेवा हमला

खतौली, 21 दिसम्बर (बु.)। गांव से स्कॉलरशिप फॉर्म भरने नगर में आए युवक पर अज्ञात युवकों द्वारा चाकू से हमला कर दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार आकाश व आदित्य निवासी गांव टिटौड़ा अपने घर से खतौली स्कॉलरशिप का फॉर्म भरने के लिए आए थे। बताया जाता है कि जीटी रोड स्थित गुर्जर कॉलोनी के निकट अज्ञात आधा दर्जन युवकों ने फॉर्म भरने आए दोनों युवकों को घेर लिया तथा आरोप है कि चाकू से हमलाकर उन्हें घायल कर दिया। दोनों युवकों पर अचानक हुए हमले से आसपास लोगों में हड़कम्प मच गया जबकि हमलावर मौके से फरार हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस द्वारा घायलों को तत्काल सीएचसी भर्ती कराया गया तथा हमलावरों की तलाश शुरू कर दी है।

रूस में 9/11 जैसा हमला, 1300 किमी अन्दर यूक्रेन के ड्रोनः तीन इमारतों से टकराए

मास्को, 21 दिसंबर (एजेंसी)। शनिवार सुबह ही यूक्रेन के आठ ड्रोन्स सीमा पार करते हुए रूस में 1369 किलोमीटर अंदर तातरस्तान की राजधानी कजान शहर तक पहुंच गए। इनमें से छह ड्रोन्स ने रिहायशी इलाकों को निशाना बनाया। बताया गया है कि तीन ड्रोन्स सीधा इमारतों में जा घुसे और तबाही मचाई। इस घटना के बाद एहतियात के तौर पर कुछ स्कूलों को भी खाली करा लिया गया और बच्चों को सुरक्षित करने के लिए बेसमेंट में पहुंचाया गया। स्थानीय अधिकारियों के मुताबिक, इस हमले में अभी किसी की जान नहीं गई है। इस घटना के ठीक बाद ही हमले का शिकार हुई इमारतों से लोगों को निकाल लिया गया। अधिकारियों का कहना है कि पहले ऐसी कुछ घटनाएं यूक्रेनी सीमा के पास ही होती थीं। हालांकि, अब यूक्रेन के कामिकाजे ड्रोन्स मॉस्को और इससे आगे तक आने में कामयाब हो गए हैं। यूक्रेन ने फिलहाल रूस के अंदर कई इलाकों को नियंत्रित किया है। उसकी सेना रूस के कजान शहर से करीब 900 किलोमीटर दूर एक क्षेत्र पर कब्जा कर चुकी हैं। माना जा रहा है कि यूक्रेन ने इसी क्षेत्र से कजान में हमले के लिए ड्रोन भेजा। रूस और यूक्रेन संघर्ष को अब तीन साल पूरे होने वाले हैं। जहां रूस ने अपनी सेना के तेज हमलों के बल पर यूक्रेन के कई इलाकों पर कब्जा करने में सफल हुआ है, वहीं यूक्रेन भी रूस के कुछ इलाकों में हमले कर राष्ट्रपति पुतिन को समझौते के लिए मजबूर करने की कोशिशें में जुटा है। इस बीच शनिवार को रूस में कुछ ऐसा हुआ, जिससे इस युद्ध के नया मोड़ लेने की संभावना है। दरअसल, यूक्रेन के कुछ ड्रोन्स ने न सिर्फ रूस की सीमा को पार किया, बल्कि सीमा से 1379 किलोमीटर उस कजान शहर तक पहुंच गए, जहां इसी साल रूस ने ब्रिक्स सम्मेलन की मेजबानी की थी। इतना ही नहीं इन ड्रोन्स ने रूस पर हमलों को बिल्कुल उसी तरह अंजाम दिया, जैसे आतंकी संगठन अल-कायदा ने अमेरिका के खिलाफ 2001 में 9/11 हमलों को अंजाम दिया था। यूक्रेन के कम से कम तीन ड्रोन्स कजान में सीधा तीन रिहायशी इमारतों में घुस गए। इस घटना के कई वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं।

बांग्लादेश में मंदिर के पुजारी की हुई हत्या, श्मशान भी सुरक्षित नहीं; इस्कॉन कोलकाता का दाव

1973-2024

सम्पादक की क़लम से

मोहन भागवत और अखिलेश यादव

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने पुणे में 'हिंदू सेवा महोत्सव' के उद्घाटन के समय अपने सम्बोधन में कहा कि 'मंदिर-मस्जिद के रोज नए विवाद निकालकर कोई नेता बनना चाहता है, तो ऐसा नहीं होना चाहिए। हमें दुनिया को दिखाना है कि हम एक साथ रह सकते हैं। कई मुस्लिम नेताओं और मुस्लिम विद्वानों ने मोहन भागवत के वक्तव्य का समर्थन किया है, तो कई नेता उनके बयान को अपनी सियासत के हिसाब से पेश कर रहे हैं। अखिलेश यादव ने भी आरएसएस प्रमुख के इस बयान का समर्थन किया और पार्टी कार्यकर्ताओं को उनके बयान को जन-जन तक पहुंचाने के निर्देश दिए हैं। मोहन भागवत के भाषण की चर्चा इसलिए भी हो रही है, क्योंकि इस समय देश में संभल, मथुरा, काशी जैसे कई जगहों की मस्जिदों के प्राचीन समय में मंदिर होने के दावे किए गए हैं। इनके सर्वे की मांग हो रही है और कुछ मामले अदालतों में लंबित हैं। मोहन भागवत ने कहा कि हमारे यहां हमारी ही बातें सही, बाकी सब गलत, यह चलेगा नहीं। अलग-अलग मुद्दे रहे, तब भी हम सब मिलजुल कर रहेंगे। हमारी वजह से दूसरों को तकलीफ न हो, इस बात का ख्याल रखेंगे, जितनी श्रद्धा मेरी, मेरी खुद की बातों में है, उतनी श्रद्धा मेरी दूसरों की बातों में भी रहनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी को हर धर्म और दूसरे के देवी-देवताओं का सम्मान करना चाहिए। रामकृष्ण मिशन में आज भी 25 दिसंबर मनाते हैं, क्योंकि यह हम कर सकते हैं, क्योंकि हम हिंदू हैं और हम दुनिया में सब के साथ मिलजुल कर रह रहे हैं। यह सौहार्द अगर दुनिया को चाहिए, तो उन्हें अपने देश में यह मॉडल लाना होगा। कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने भी भागवत के बयान का हवाला देते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि आरएसएस चीफ मोहन भागवत कहते हैं कि कौन अल्पसंख्यक है और कौन बहुसंख्यक? यहां सब बराबर हैं। इस देश की रीत ये रही है कि यहां सब अपनी मर्जी से पूजा अर्चना कर सकते हैं। हमें सिर्फ सौहार्द से रहने और कानून का पालन करने की जरूरत है। शशि थरूर ने लिखा है कि वह खुद भी इससे बेहतर बयां नहीं कर सकते थे। साथ ही उन्होंने उम्मीद जताई है कि बाकी संघ परिवार भागवत के बयान पर ध्यान देगा। हाल के दिनों में राजस्थान के अजमेर शरीफ दरगाह से जुड़ा विवाद और संभल में एक मस्जिद से जुड़े ऐसे ही विवाद की काफी चर्चा हुई है। अजमेर की एक स्थानीय अदालत ने अजमेर शरीफ दरगाह के नीचे 'मंदिर' का दावा करने वाली याचिका को हाल ही में स्वीकार किया। दरगाह से कुछ ही दूरी पर स्थित 'अढ़ाई दिन का झोपड़ा' को लेकर अजमेर के डिप्टी मेयर ने दावा किया है कि इसकी जगह पहले 'मंदिर और कॉलेज' था। कुछ ही दिन पहले उत्तर प्रदेश के संभल की शाही जामा मस्जिद के बारे में भी इसी तरह का दावा किया गया था और ज़िला अदालत ने मामले में सर्वे का आदेश दिया था। मोहन भागवत ने कहा है कि जब श्रद्धा स्थल के आदर की बात आती है, तो राम मंदिर होना चाहिए, वो बना भी। वह हिंदुओं का श्रद्धा स्थान है, वो आगे कहते हैं कि ऐसा सोच कर बार-बार दुश्मनी के लिए ऐसे ही प्रकरण निकालने से कोई नेता नहीं बन सकता, ये नहीं होना चाहिए। मोहन भागवत ने कहा कि अपना देश संविधान के मुताबिक चलता है। यहां पर किसी का राज नहीं चलता। जनता अपना प्रतिनिधि चुनती है, जो चुनकर आएगा, वह शासन चलाएगा। शासन जनता का होता है। अब वर्चस्व का समय समाप्त हो गया है। उन्होंने आगे कहा कि लेकिन समय-समय पर इसमें भी अवरोध पैदा किए गए। आखिरी बार औरंगजेब ने यह अवरोध पैदा किया था, उसके बाद फिर एक बार कट्टरवाद का राज आया। भागवत ने कहा कि साल 1857 में दिल्ली के बादशाह बहादुर शाह जफर ने जब गौहत्या बंदी का आदेश निकाला और दावा किया कि उस वक्त एक मौलवी और एक संत के प्रयासों के बाद तय हुआ था कि राम मंदिर हिंदुओं को देंगे। संघ प्रमुख ने कहा कि आजाद भारत में हम सबको रहना है, ऐसा सब ने कहा तो फिर अब यह अलग-अलग बातें क्यों होती है? यहां वर्चस्व की भाषा क्यों होती है? कौन अल्पसंख्यक और कौन बहुसंख्यक, सब एक जैसे ही हैं। इस देश की परंपरा ही ऐसी है। बस आपस में अच्छे से रहो नियम-कानून मानकर चलते रहो। इसलिए इस वर्चस्ववाद, कट्टरवाद को भूलकर हम सबको भारत की समावेशी संस्कृति के तहत एकजुट हो जाना चाहिए, जो डराते हैं उनको डर लगे, इतना सशक्त हो जाओ, पर किसी को डराओ मत। जून 2022 में भी मोहन भागवत ने मंदिर-मस्जिद विवाद से बचने की नसीहत दी थी, तब बनारस की ज्ञानवापी मस्जिद के सर्वे का मुद्दा काफी गर्माया हुआ था। ताज महल को भी मंदिर बताते हुए सर्वे की मांग हो रही थी। संघ प्रमुख ने तब कहा था, हर दिन एक नया मुद्दा नहीं उठाना चाहिए, झगड़े क्यों बढ़ाएं? हर मस्जिद में शिवलिंग क्यों ढूंढना? मोहन भागवत के वक्तव्य का बहुत से लोग अपने-अपने हिसाब से मतलब निकाल रहे है। अखिलेश यादव, मोहन भागवत के वक्तव्य से उत्साहित हैं। अखिलेश यादव ने मोहन भागवत के बयान के बाद कहा कि कहीं कोई मंदिर मिला नहीं है बल्कि मंदिर तो हमेशा से ही वहीं पर था। उस मंदिर पर न तो किसी ने कोई कब्जा किया और न ही खंडित किया बल्कि बहुत से ऐसे मंदिर है, जो पूजन के अभाव में खाली पड़े हैं और देवता वहां श्रद्धालुओं का इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने ये भी सवाल उठाया कि जब प्रदेश में राजनाथ सिंह, कल्याण सिंह और राम प्रकाश गुप्ता की सरकारें रही, तब ये मंदिर क्यों नहीं खोजे गए? अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि लोकसभा में हार के बाद से बीजेपी डरी हुई है, जिसके बाद से वो सिर्फ सनसनी फैलाकर मूल मुद्दों से लोगों का ध्यान भटकाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मोहन भागवत जी आपकी हर नसीहत और बात तब तक बेमानी है, जब तक आप भाजपा सरकार, सीएम योगी के द्वारा किए जा रहे कृत्यों की सार्वजनिक निंदा नहीं करते और उन्हें ऐसा करने से नहीं रोकते, तब तक आपके बयान सिर्फ भाषणबाजी और ड्रामेबाजी ही कहे जाएंगे। ऑल इंडिया उलेमा बोर्ड ने मोहन भागवत के बयान का स्वागत करते हुए कहा है कि भागवत के बयान से देश में हिंदुत्व के नाम पर जो लोग राजनीति कर रहे हैं और ऐतिहासिक मस्जिदों और दरगाहों पर मंदिर होने का दावा कर देश में अम्न शांति और आपसी भाईचारे के बीच दरार डाल रहे हैं, उनको करारा जवाब मिला है।

चार तीर

सुनील उत्सव

'जिन्दगी' 'झूट' 'खामियां' 'सत्य'

सीधी सच्ची सी मिली थी जिन्दगी उसमें मगर,
झूट शामिल कर लिया है ये भी कोई बात है।
जब तुम्हें खुद की भी सारी खामियां दिखने लगें,
तब समझना जिन्दगी में सत्य की शुरूआत है।

भरी तहसील में मनचले युवकों ने कर दी ऐसी हरकत; भड़के लोग... खो बैठे आपा

- महिला लेखपालों पर डोली नीयत

बाराबंकी, 21 दिसंबर (एजेंसी)। बाराबंकी में शनिवार को सदर तहसील में दो महिला लेखपालों के साथ छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। घटना के बाद बवाल हो गया। तीन चार लोगों को भीड़ ने दौड़ा लिया। एक को पकड़कर पिटाई कर दी। इससे तहसील में अफरातफरी मच गई। थोड़ी देर में शहर कोतवाली में दोनों पक्ष इकट्ठा हो गए। यहां तनाव के बीच भारी पुलिस बल मौजूद रहा। सूचना पर एडीएम न्यायिक इंद्रसेन ने मौके पर पहुंचकर जानकारी ली। डीएम ने शांति व्यवस्था कायम रखने के निर्देश दिए। महिला लेखपाल की तहरीर पर केस दर्ज किया गया। दो महिला लेखपालों ने बताया कि दोपहर करीब 12:30 बजे सदर तहसील गेट के पास से गुजर रही थीं। इसी दौरान दो तीन लोगों ने कमेंटबाजी की। महिला लेखपाल इसका विरोध जताया तो धमकी दी गई। फिर क्या था, कुछ ही देर में महिला लेखपालों के चिल्लाने पर अधिवक्ता और लेखपाल इकट्ठा हो गए। कथित रूप से अभद्रता कर रहे लोगों को दौड़ा लिया। इसमें एक पकड़ में आ गया। उसकी जमकर धुनाई कर दी गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने हालात संभाले। कुछ ही देर में आक्रोशित लेखपाल शहर कोतवाली पहुंच गए। भीड़ जमा हो गई। यहां दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ तहरीर दी है। शहर कोतवाल आलोक मणि त्रिपाठी ने बताया कि हालात नियंत्रण में है। दोनों पक्ष से तहरीर मिली है। जांच की जा रही है।

गुडविल सोसायटी ने कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में नेत्र एवं दंत परीक्षण शिविर लगाया

मुजफ्फरनगर, 21 दिसंबर (बुस.)। गुडविल सोसायटी मुजफ्फरनगर के सौजन्य से सर्कुलर रोड स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय परिसर में वहां शिक्षा प्राप्त कर रही निर्धन वर्गीय परिवारों की लगभग 100 बालिकाओं के नेत्र एवं दांत परीक्षण वरदान नेत्र चिकित्सालय के नेत्र विशेषज्ञ चिकित्सों द्वारा एवं दंत विशेषज्ञ डॉ. अखिल गोयल द्वारा भेजी गई टीम के सहयोग से किए गए। इस शिविर कार्यक्रम की अध्यक्षता सुरेंद्र अग्रवाल ने की और अपने संबोधन में सोसाइटी के आगंतुक सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए विद्यालय को सकारात्मक सहयोग प्रदान करने की अपील की। सोसायटी के सचिव होतीलाल शर्मा एवं विद्यालय की प्रधानाचार्य बबीता शर्मा एवं विद्यालय परिवार शिक्षिका पूनम जैन, ममता शर्मा, शाहीन एवं बाबू अजीत सिंह ने शिविर समारोह का कुशल संचालन किया और जहां बबीता शर्मा ने विद्यालय की गतिविधियों पर चर्चा की, वहीं सोसायटी के सचिव होतीलाल शर्मा ने एवं संयोजक रामकुमार तायल गुडविल सोसायटी द्वारा जनहित में किए गए कार्यों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में पधारे खंड शिक्षा अधिकारी नगर अमरवीर सिंह ने फीता काटकर इस शिविर का उद्घाटन किया और गुडविल सोसायटी के कार्यों की सराहना की। उप जिलाधिकारी सदर निकिता शर्मा इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि रही। परीक्षण कार्य सर्वश्री (दांत विशेषज्ञ) डॉ. सिद्धार्थ, डॉ. तमन्ना तथा (नेत्र विशेषज्ञ) डॉ. आकाश कुमार, डॉ. परवेज आलम द्वारा संपन्न हुआ। इस अवसर पर बृजमोहन डी.के. राठी, गंगा प्रताप, एल.के.मित्तल, मनोज जैन, मुकेश अरोरा, मुकेश लाल एड., मुनेश सिंघल, पंकज मोहन गर्ग, पीके गुप्ता, प्रमोद मित्तल, राजीव अग्रवाल, प्रो. सतीश मित्तल, कृष्ण अग्रवाल, विशाल कालरा, इंजी. विपिन गुप्ता, अरविंद मित्तल, मोहनलाल मित्तल, आदि सदस्यगण उपस्थित रहे।

आर्ट ऑफ लिविंग ने नगर में मनाया विश्व ध्यान दिवस

मुजफ्फरनगर, 21 दिसम्बर (बुस.)। संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा 21 दिसम्बर को विश्व ध्यान दिवस घोषित किये जाने के बाद से 21 दिसम्बर को विश्वभर में प्रथम विश्व ध्यान दिवस बड़े हर्षोल्लास से मनाया गया। आर्ट ऑफ लिविंग के प्रणेता रविशंकर जी विगत 44 वर्षो से ध्यान के माध्यम से करोड़ों लोगों के जीवन को एक नई ऊर्जा से भर चुके हैं। 21 दिसम्बर को भी भारतीय समयानुसार रात्रि 8 बजे संयुक्त राष्ट्र संघ से श्रीश्री रविशंकर द्वारा ध्यान का एक लाइव सत्र आयोजित किया गया, जिसमें विश्वभर से रिकॉर्ड संख्या में लोगों ने प्रतिभाग किया। इसी कड़ी में मुजफ्फरनगर में भी आर्ट ऑफ लिविंग परिवार के शिक्षकों एवं स्वयंसेविकाओं ने विभिन्न स्थानों पर जाकर ध्यान सत्र आयोजित कर लोगों को ध्यान का ऊर्जादायी अनुभव कराया। राजकीय बाल संप्रेक्षण गृह, वैदिक पुत्री पाठशाला इंटर कॉलेज, ओम पैराडाइज, कंपोजिट विद्यालय कूकड़ा व योग स्टूडियो प्रकाश चौक, सीमा शर्मा, पूनम गोयल व बीना गोयल ने, लायंस क्लब, माउंट लिट्रा स्कूल, शारदेन स्कूल, एनएसबी पब्लिक स्कूल व सरस्वती हॉल आदर्श कॉलोनी में सोनिया लूथरा, रामानन्द शर्मा, राजेश छाबड़ा, शुभम ग्रेवाल व शालू जलौत्रा ने ग्राम धमात, होली चाइल्ड पब्लिक स्कूल जड़ौदा, रेडियो एसडी, एसडी इंजी. कॉलेज व जिला अस्पताल में शैलेन्द्र सिंह व प्रिया सिंह ने, सुमेरू आर्यपुरी पर संजीव जलोत्रा व राजीव जलोत्रा ने होली एंजिल्स, ओम योग केन्द्र गांधी कॉलोनी, आर्य समाज स्कूल, प्राथमिक विद्यालय गांधी कॉलोनी, निकट एसडी गर्ल्स इं. कॉलेज, गांधी कॉलोनी व मोरावनम गांधी कॉलोनी पर प्रीति नारंग, पूनम शर्मा, टीना बत्रा, धीरज बत्रा, ललित शर्मा व शिखी शर्मा ने विभिन्न ध्यान सत्रों का संचालन कराया।

हॉराइजन स्कूल में श्री रामानुजन का जन्मदिवस धूमधाम से मनाया

मुजफ्फरनगर, 21 दिसम्बर (बुस.)। जानसठ रोड स्थित न्यू हॉराइजन स्कूल में गणितज्ञों के गणितज्ञ श्री निवास रामानुजन के जन्मदिवस को गणित उत्सव के रूप में बड़े हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। इस उत्सव को पूरे सप्ताह मनाया गया, जिसके अंतर्गत प्रतिदिन नर्सरी, एलकेजी व यूकेजी के बच्चों के लिए मिलान खेल, संख्या बोध खेल, संख्या कहानियां जैसी गतिविधियों के माध्यम से गिनती, आकृतियां आदि के बारे में जानकारी दी गई। 06 से 12 तक के विद्यार्थियों द्वारा गणित व गणित से संबंधित रोचक खेल, विभिन्न प्रकार के गणित के मॉडल बनाए गए एवं शिक्षक व शिक्षिकाओं द्वारा गणितज्ञों के विषय में जानकारी दी गई। पूरे सप्ताह चले इस कार्यक्रम के समापन दिवस पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ विद्यालय की प्रधानाचार्या मीनाक्षी मित्तल, मुख्य अतिथि अलका मित्तल एवं डॉ. प्रियांशी मित्तल के द्वारा मां सरस्वती जी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा एक विशेष गणित प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस गणित प्रदर्शनी में कक्षा 3 और 4 के विद्यार्थियों द्वारा विशेष रूप से एक सुपरमार्केट का आयोजन किया गया। यह प्रदर्शनी विद्यार्थियों की तार्किक सोच और समस्या समाधान क्षमता को विकसित करने में सहायक रही। इस अवसर पर प्रधानाचार्या एवं मुख्य अतिथियों द्वारा अंतरविद्यालय खो -खो प्रतियोगिता एवं गणित के मॉडल्स एवं प्रस्तुति में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रशस्ति-पत्र प्रदान किये। कार्यक्रम के समापन पर विद्यालय की प्रधानाचार्या मीनाक्षी मित्तल ने कहा कि आज का यह दिन न केवल गणित के प्रति गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की अद्वितीय प्रतिभा को सम्मानित करने का अवसर है, बल्कि हमें गणित के महत्व और उसकी हर क्षेत्र में उपयोगिता को समझने का भी अवसर प्रदान करता है।

हाईकोर्ट में शीतकालीन अवकाश, अब दो जनवरी से होगा अदालती कामकाज

प्रयागराज, 21 दिसंबर (एजेंसी)। इलाहाबाद हाईकोर्ट में शनिवार से शीतकालीन अवकाश शुरू हो गया। अब कोर्ट में दो जनवरी से कामकाज होगा। हाईकोर्ट के आधिकारिक कैलेंडर के मुताबिक 23 दिसंबर से शीतकालीन अवकाश शुरू होगा। लेकिन, वर्ष 2024 का अदालती कामकाज शुक्रवार को पूरा हो गया। शनिवार को केवल कार्यालय से जुड़े कामकाज हुए और रविवार से वह भी बंद ही जाएंगे। हाईकोर्ट बार एसोसिएशन की ओर से संचालित फोटो आइडेंटिटी सेंटर 24 दिसंबर तक खुला रहेगा। मुकदमा दाखिल करने के लिए वादकारी 24 दिसंबर तक फोटो खिंचवा सकेंगे। यह जानकारी देते हुए बार एसोसिएशन के प्रेस सचिव पुनीत शुक्ल ने बताया कि सेंटर 25 दिसंबर से 30 दिसंबर तक बंद रहेगा।

युवा उद्यमियों की नई पीढ़ी को तैयार कर रहा वर्ल्ड विजन विद्यालय का बूट कैंप

मुजफ्फरनगर, 21 दिसम्बर (बुस.)। शनिवार को विद्यालय में यंग माइंड्स एंटरप्रेन्योरशिप बूट कैंप का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम छात्रों में उद्यमिता और नवाचार को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से किया गया। बूट कैंप का शुभारंभ लोकसभा सांसद चंदन सिंह चौहान द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के लगभग सभी छात्रों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। बूट कैंप में टॉय ट्रेन, तंबोला, हॉट एयर बैलून, हॉर्स राइडिंग, कैमल राइडिंग और मिकी माउस बाउंसी बच्चों के आकर्षण का केंद्र रहे। स्कूल बैंड जेनिथ की शानदार धुनों ने सभी का मन मोह लिया। लकी ड्रा विजेताओं को आकर्षक उपहार प्रदान किए गए। कार्यक्रम के आयोजकों का कहना है कि इस लकी ड्रा का मकसद युवाओं को प्रोत्साहित करना है। विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. मृणालिनी अनंत ने कहा कि इस बूट कैंप का प्रायोजन छात्रों को आत्मनिर्भर और अग्रणी बनाना है। यह उन्हें भविष्य में अपने करियर और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में मदद करेगा। अध्यक्ष एमजी ट्रस्ट सतीश गोयल, अध्यक्ष एमजी वर्ल्ड विजन भीमसेन कंसल और सेक्रेटरी एमजी वर्ल्ड विजन वैभव गोयल ने कार्यक्रम की खूब सराहना की। स्किल हब मैस्कॉट क्लब द्वारा आयोजित इस गतिविधि में सभी अध्यापकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। विद्यालय प्रबंधन ने भविष्य में भी इस तरह के और कार्यक्रम आयोजित करने की योजना बनाई, ताकि छात्रों को नई-नई संभावनाओं का अनुभव कराया जा सके।

डीएस पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

मुजफ्फरनगर, 21 दिसम्बर (बुस.)। शनिवार को डीएस पब्लिक स्कूल में राष्ट्रीय गणित दिवस के अवसर पर स्कूल के शिक्षक शिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियों ने महान भारतीय गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन को नमन करते हुए गणित के क्षेत्र में उनके द्वारा किए गए योगदान को याद कर उनके प्रति कृतज्ञता प्रकट की। स्कूल कोऑर्डिनेटर संदीप दीक्षित सहित विद्यालय के गणित के शिक्षक शिक्षिकाओं ने महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन को नमन करते हुए विद्यार्थियों को गणित में उनकी विलक्षण प्रतिभा तथा गणित में उनके द्वारा की गई खोजों एवं शोध कार्यो के विषय में बताया। इस अवसर पर विद्यालय के विद्यार्थियों के लिए गणित पर आधारित कुछ प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गई। विद्यालय के गणित शिक्षक अतुल गुप्ता, संगम त्यागी के निर्देशन में कक्षा 9 के विद्यार्थियों को गणित से संबंधित कुछ पदों, परिभाषाओं एवं सूत्रों से सज्जित शब्द वर्ग पहेली हल करने को दी गई। आयशा आमिर, अभय गोयल, एमी, जियाउर रहमान, रिजा रिहान ,मोहम्मद समीर, शौर्य मित्तल तथा वंशिका सिंह ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए निर्धारित समय में अपनी वर्ग पहेली हल करके श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। घोषित परिणामों के अनुसार आयशा आमिर, अभय गोयल, एमी, जियाउर रहमान को संयुक्त रूप से प्रथम, रिजा एवं रिहान को संयुक्त रूप से द्वितीय तथा मोहम्मद समीर, शौर्य मित्तल एवं वंशिका सिंह को संयुक्त रूप से तृतीय घोषित किया गया। स्कूल कोऑर्डिनेटर संदीप दीक्षित ने सभी विद्यार्थियों के प्रदर्शन की प्रशंसा करते हुए प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को बधाई दी। उन्होंने बताया कि भारतीय गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन ने विदेशी भूमि पर जाकर भी गणित में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करके राष्ट्र का नाम गौरवान्वित किया। उस समय के महान अंग्रेज गणितज्ञ प्रोफेसर हार्डी ने अपने एक मानक में उनको 100 में से 100 अंक प्रदान किए थे। उन्होंने अपने जीवन काल में लगभग 4000 गणित की प्रमेयों का संकलन किया। उनके द्वारा एक रजिस्टर में लिखे गए गणित के सूत्र आज भी गणित के विद्वानों के लिए पहेली बने हुए हैं। इस रजिस्टर को आज भी लोग रामानुजन नोटबुक के नाम से जानते हैं। उनके द्वारा खोजा गया हार्डी रामानुजन नंबर उनकी गणितीय प्रतिभा का जीवंत उदाहरण है। कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी का सहयोग रहा।

शारदेन विद्यालय में वार्षिक खेल दिवस का भव्य आयोजन

मुजफ्फरनगर, 21 दिसम्बर (बुस.)। शनिवार को शारदेन विद्यालय में त्रि-दिवसीय वार्षिक खेल प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें कार्यक्रम के पहले दिन विद्यालय के चिल्ड्रन वर्ल्ड्स के नन्हें मुन्ने बच्चों ने हर्षोल्लास के साथ भाग लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एडीएम गजेंद्र सिंह की धर्म पत्नी मोनिका सिंह उपस्थित रही। नन्हें मुन्हें बच्चों ने मुख्य अतिथि को सलामी दी। मुख्य अतिथि ने नन्हे-मुन्ने बच्चों को खेलों के प्रति सत्य निष्ठा की शपथ दिलाई। मुख्य अतिथि मोनिका सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि शारदेन स्कूल के छात्र सचमुच में वीर बालक है। शारदेन स्कूल के मैनेजमेंट, अध्यापकों एवं अभिभावकों द्वारा बच्चों पर बहुत ध्यान रखा जाता है। ततश्चात खेल प्रतियोगिताओं का आरंभ हुआ। इन खेल प्रतियोगिताओं में जिसमें मुख्य रूप से साइकिल रेस, संता क्लास रेस, 100 मीटर रेस, कैमल फुट रेस, टेडी रेस, रोल ओन द मैट रेस, कमांडो रेस, बैलेंस द बॉल, फ्लैग रेस, मून एंड स्टार रेस, बॉब द बिल्डर रेस, जेलीफिश रेस, फ्रूट रेस, पुट द बॉल इन द बास्केट, कैटरपिलर रेस, रिंग रेस, डक रेस, डबल रिंग रेस, 3 लेग रेस, बैकवर्ड रेस, लेमन स्पून रेस, कंगारू रेस, 100 मीटर रेस, सैक रेस, पिरामिड, हॉपिंग रेस, बैलेंस द बॉल रेस आदि मुख्य आकर्षण का केंद्र रही। विजेता बच्चों को मेडल तथा प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। एडीएम पत्नी मोनिका सिंह ने कहा कि छोटे-छोटे बच्चों ने अपनी बहुत सुंदर प्रस्तुति दी है जिन्हें देखकर मैं भाव विभोर हो गई और ऐसी सुंदर प्रस्तुति मैंने शारदेन के अलावा कहीं नहीं देखी। आज शारदेन विद्यालय में वर्ल्ड मेडिटेशन दिवस के उपलक्ष्य में आर्ट ऑफ लिविंग की सदस्या सोनिया लूथरा ने आकर विद्यार्थियों को मेडिटेशन के लाभों से परिचित कराया। आर्ट ऑफ लिविंग वर्तमान क्षण में जीने, सचेतनता विकसित करने और रोजमर्रा की जिंदगी में शांति और खुशी प्राप्त करने के लिए एक मार्गदर्शक है। विद्यालय निदेशक विश्व रतन के द्वारा मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका आभार व्यक्त किया गया। अंत में प्रधानाचार्य धारा रतन ने सभी अभिभावको को उनकी उपस्थिति और समर्थन के लिए धन्यवाद दिया। खेल समारोह को सफल बनाने में विद्यालय के सभी अध्यापकों का गहन योगदान रहा।

संपूर्ण समाधान दिवस में एडीएम ने जनता की शिकायतों को सुना

जानसठ, 21 दिसम्बर (बु.)। तहसील परिसर में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें 22 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से चार शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण करा दिया गया। बाकी शिकायतों के बारे में अधिकारी और कर्मचारियों को मौके पर जाकर निस्तारण करने के निर्देश दिए। शनिवार को तहसील परिसर में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में अपर जिलाधिकारी गजेंद्र सिंह ने क्षेत्र से आए लोगों की शिकायतों को सुना। इस दौरान संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 22 शिकायत दर्ज की गई, जिनमें से चार शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण करा दिया गया। एडीएम ने संबंधित अधिकारियों को बाकी शिकायतों का मौके पर जाकर निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस में आने वाली सभी शिकायतों का तुरंत निस्तारण किया जाना चाहिए। इस दौरान एसडीएम सुबोध कुमार, सीओ यतेंद्र सिंह नागर, तहसीलदार सतीश चन्द बघेल व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

बेहद खराब श्रेणी में एक्यूआई ग्रैप के बाद भी नहीं सुधरे दिल्ली के हालात

नई दिल्ली, 21 दिसंबर (एजेंसी)। ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रैप) लागू होने के बावजूद राजधानी में वायु गुणवत्ता में सुधार नहीं आ रहा है। आसमान में स्मॉग की चादर लिपटी है। ऐसे में लोग प्रदूषित हवा में सांस लेने को मजबूर हैं। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के मुताबिक शनिवार को हवा उत्तर-पश्चिम दिशा से चलने से वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) में कमी आई है। इस दौरान हवा की गति आठ किलोमीटर दर्ज की गई। ऐसे में एक्यूआई 370 दर्ज किया गया। इसमें शुक्रवार के मुकाबले 69 सूचकांक की कमी हुई है, जोकि बेहद खराब श्रेणी है। शनिवार को सुबह से ही कोहरे के साथ स्मॉग छाया रहा। दिन में हल्की धूप निकली, लेकिन आसमान में स्मॉग की मोटी चादर लिपटी रही।

चिल्ड्रन एकेडमी में मनाया गया विश्व ध्यान दिवस

मुजफ्फरनगर, 21 दिसम्बर (बुस.)। आज शनिवार को चिल्ड्रन एकेडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में विश्व ध्यान दिवस मनाया गया। उप प्रधानाचार्या सान्या निगम ने ध्यान दिवस के बारे में बताते हुए कहा दुनिया भर में ध्यान या चिन्तन के बारे में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से, 21 दिसम्बर को विश्व ध्यान दिवस घोषित किया है और वर्ष 2024 में यह प्रथम दिवस मनाया जा रहा है, जब हम ध्यान लगाते हैं, तो हम अपने मस्तिष्क को शान्त विचारों को केन्द्रित करते हैं और करुणा व सम्मान को जगाते है। निजी तौर पर इस रूपान्तरकारी बदलाव का असर दूर तक नजर आता है, जिससे हमारे परिवारों, हमारे समुदायों और उससे इतर भी समरसता प्रेरित होती है। इससे हमारे भीतर और हमारे इर्द-गिर्द शान्ति की बुनियाद तैयार होती है। ध्यान दिवस अपनी सार्वभौम अपील और लोगों को एक साथ जोड़ने की सामर्थ्य के जरिये, एकजुटता को प्रोत्साहन देने और एक शान्तिपूर्ण भविष्य की नींव तैयार करने में अहम भूमिका निभा सकता है। इसी के साथ विद्यालय में शिक्षकों व बच्चों ने ध्यान का अभ्यास किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य अमर पांचाल ने इस अवसर पर घोषणा की कि अब से हर माह विद्यालय में शिक्षकों के तनाव को कम करने, सहनशील व समावेशी बनाने के लिए ध्यान दिवस मनाया जायेगा। इस अवसर पर समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

हथियारों से लैस युवकों को देख नागरिकों में हड़कम्प

खतौली, 21 दिसम्बर (बु.)। पंजाबी कॉलोनी रेलवे रोड पर हाथों में लाठी-डंडे व धारदार हथियारों से लैस युवकों को किसी अप्रिय घटना को अंजाम देने का मंसूबा अचानक पुलिस की चीता मोबाइल के आने से असफल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार शनिवार को पंजाबी कॉलोनी रेलवे रोड पर लगभग एक दर्जन लाठी-डंडों से लैस युवकों के एकजुट होकर सड़कों पर भ्रमण करते हुए कॉलोनीवासियों सहित दुकानदारों में हड़कम्प मच गया तथा किसी अप्रिय घटना के घटित होने का लोगों में भय सताने लगा। बताया जाता है कि इसी दौरान सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखने हेतु भ्रमण करती पुलिस चीता मोबाइल वहां पहुंच गयी। चीता मोबाइल के सायरन को सुनते ही किसी अप्रिय घटना को अंजाम देने आये युवक तुरंत मौके से फरार हो गये, जिसके कारण रेलवे रोड पंजाबी कॉलोनी क्षेत्र में होने वाली अप्रिय घटना घटने से बाल-बाल बच गयी। उल्लेखनीय है कि उक्त क्षेत्र में महाविद्यालय, इंटर कॉलेज सहित दर्जनों कोचिंग सैन्टर स्थित हैं, जिसके कारण उक्त क्षेत्र की सड़कों पर छात्रों के साथ-साथ असामाजिक गुंडा तत्वों का दिनभर जमावड़ा लगा रहता है तथा निरन्तर मारपीट व भीषण संग्राम की घटनाएं होना एक कृत्य बना हुआ है, परन्तु कोतवाली पुलिस नागरिकों की मांग के पश्चात उक्त क्षेत्र में पुलिस पिकेट तैनात करने में उदासीन नजर आ रही है।

शाहपुर क्षेत्र के किसान विपिन बालियान ने लखनऊ में आयोजित बैठक में हिस्सा लिया

- लोक भवन में गन्ना मूल्य निर्धारण को हुई बैठक में भाव 450 करने की मांग

शाहपुर, 21 दिसम्बर (बु.)। क्षेत्र के

हिस्ट्रीशीटर अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार

मुजफ्फरनगर, 21 दिसम्बर (बु.)। नई मंडी कोतवाली पुलिस ने एक हिस्ट्रीशीटर को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उसका चालान कर दिया है। हिस्ट्रीशीटर पर एक दर्जन से अधिक अपराधिक मामले दर्ज हैं। नई मंडी कोतवाली प्रभारी दिनेश चंद बघेल ने बताया कि पुलिस ने चैकिंग अभियान के दौरान कूकड़ा मंडी में पानी की टंकी के पास हिस्ट्रीशीटर शाहिद निवासी शेरनगर को दबोच लिया। उसके पास से पुलिस को अवैध हथियार भी मिला है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर चालान कर दिया है। गिरफ्तार हिस्ट्रीशीटर पर 14 अपराधिक मामले दर्ज है।

बड़ी कार्यवाही : सखी वन स्टॉप सैंटर का अनोखा कारनामा सामने आने के बाद चार महिला कांस्टेबल व चौकी प्रभारी निलम्बित

मुस्लिम समुदाय के युवक से हिन्दू समुदाय की युवती को मिलवाना पड़ा महिला कांस्टेबल व चौकी प्रभारी को भारी

मुजफ्फरनगर, 21 दिसम्बर (बु.)। एसएसपी अभिषेक सिंह द्वारा छपार थाना क्षेत्र का एक मामला सामने आने के बाद चार महिला कांस्टेबल व चौकी प्रभारी को निलम्बित कर दिया गया।

आपको बता दें कि छपार थाना क्षेत्र के एक गांव की हिन्दू किशोरी को गांव का ही दूसरे समुदाय का युवक बहला-फुसलाकर अगवा कर ले गया था। इस मामले में पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए 14 दिसम्बर को किशोरी को बरामद कर लिया था तथा किशोरी तथा आरोपी युवक को भी पकड़ लिया गया। बाद में किशोरी को सखी वन स्टॉप सैंटर पुरकाजी व आरोपी को बाल सुधार गृह भेज दिया गया, लेकिन इसी बीच सखी वन स्टॉप सैंटर को संचालित करने वाली कांस्टेबलों ने अनोखे कारनामे को अंजाम दिया। एक मुस्लिम युवक जो अपना नाम शुभम बताकर किशोरी से मिल आया। और उसे धमकी देते यह कह आया कि बाल अपचारी आरोपी के विरुद्ध यदि बयान दिये गए तो उसकी हत्या कर दी जाएगी। इसकी शिकायत लेकर मंगलवार को परिजन छपार थाने पहुंचे और इसकी शिकायत एसएसपी अभिषेक सिंह से की। इस दौरान वहां खड़े पुलिसकर्मियों ने एसएसपी से न मिलने की बात भी स्वजनों को कही। बाद में हिन्दू संगठन के नरेन्द्र पंवार इस मामले को लेकर बिगड़ गए और उन्होंने मीडिया को उक्त पूरे मामले की जानकारी दे डाली। सोशल मीडिया पर नरेन्द्र पंवार ने बताया कि इतनी अंधेर नगरी मची हुई है कि पुलिस महिला कांस्टेबलों को योगी सरकार का कोई डर नहीं है। निरंकुश होकर आखिर सखी वन स्टॉप सैंटर में कैसे मुस्लिम युवक घुस गया और किशोरी को धमकी देकर वापस लौट गया। नरेन्द्र पंवार ने साफ तौर पर बताया कि उक्त कृत्य चौकी प्रभारी व वहां तैनात महिला कांस्टेबलों का ही है। इस पर जब सोशल मीडिया पर उक्त घटनाक्रम सुर्खियां बना तो शनिवार शाम होते-होते एसएसपी ने इस मामले में बड़ी कार्यवाही को अंजाम दिया। उन्होंने सीओ से अपनी जांच रिपोर्ट मंगवाकर चौकी प्रभारी इला दास सहित महिला कांस्टेबल अनुप्रिया, रेणू, अंजलि व प्राची को तत्काल निलम्बित कर दिया। हालांकि पुलिस अभी भी उस आरोपी युवक को गिरफ्तार नहीं कर पाई, जिसने सैंटर पर जाकर जान से मारने की धमकी दी थी। पुलिस का कहना है कि जल्द ही वह भी गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

व्यापारी चले साथ, ईओ ने किया अतिक्रमण साफ

मुजफ्फरनगर, 21 दिसम्बर (बु.)। शुक्रवार को नगर पालिका द्वारा एकाएक अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया था और गोल मार्किट के व्यापारियों के दो-दो हजार रुपये के चालान काट दिये गए थे। भारी भरकम चालान कटने के बाद दुकानदारों के विरोध के स्वर ऊंचे हुए और उन्होंने सड़कों पर आकर पालिका के विरोध में प्रदर्शन करना शुरू कर दिया। मामला तूल न पकड़े इसके लिए हाथोंहाथ पालिका प्रशासन ने व्यापारियों की बात सुनी और उनसे सहयोग की अपील की। व्यापारियों का कहना था कि वे तो पहले से ही सहयोग की बात कह रहे थे, मगर पालिका प्रशासन ने ही औचक अतिक्रमण हटवाकर किरकिरी की है। ऐसे में शनिवार को व्यापारी और पालिका की टीम दोनों एक साथ निकले और व्यापारियों की सहमति से अतिक्रमण हटवा दिया गया। देर रात तक शिव चौक से लेकर शामली रोड स्थित हनुमान मंदिर तक का अतिक्रमण हटवाया गया। इसी के साथ-साथ सफाई का कार्य भी चलता दिखाई दिया। आपको बता दें कि अब मुजफ्फरनगर में रात्रि में कूड़ा उठवाने की योजना बनाई गयी है। ऐसे में पिछल्ले एक सप्ताह से रोजाना सफाई का काम जारी है। इसी के साथ-साथ जो बाधाएं इस बीच आ रही हैं, उन बाधाओं को हटाने का कार्य किया जा रहा है। इसी में अतिक्रमण को भी हटवाया गया है।

क्रिसमस मार्केट हमले में 5 लोगों की मौत, 200 लोग घायल

नई दिल्ली, 21 दिसंबर (एजेंसी)। जर्मनी में एक सऊदी डॉक्टर की तरफ से क्रिसमस मार्केट में गाड़ी से रौंदने के हमले में कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई है और 200 से ज्यादा लोग घायल हैं। शुक्रवार की शाम को हुए इस हमले के बाद हमलावर को गिरफ्तार कर लिया गया है। मामले में जर्मनी के राज्यपाल रेनर हेजलॉफ ने बताया कि मृतकों की संख्या दो से बढ़कर पांच हो गई है और 200 से अधिक लोग घायल हुए हैं। चांसलर ओलाफ शोल्ज ने कहा कि इनमें से लगभग 40 लोग गंभीर रूप से घायल हैं और उनकी स्थिति चिंताजनक है। वहीं इस घटना के बाद स्थानीय लोगों ने चर्च के बाहर मोमबत्तियां जलाकर और फूल चढ़ाकर श्रद्धांजलि दी। कई लोग वहां रोते हुए देखे गए। 2016 में एक क्रिसमस मार्केट पर हुए हमले के गवाह बने बर्लिन के एक चर्च कोयर ने 'अमेजिंग ग्रेस' भजन गाकर अपनी प्रार्थना की। आठ साल पहले बर्लिन में एक इस्लामी चरमपंथी ने ट्रक से क्रिसमस मार्केट पर हमला किया था, जिसमें 13 लोगों की मौत हुई थी।

तैयारी पूर्ण: आज होगी जिले के 22 केंद्रों पर पीसीएस परीक्षा

- आलाधिकारियों ने कंट्रोल रूम व परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण
- सुरक्षा कारणों से पुलिस फोर्स की रहेगी अतिरिक्त व्यवस्था
- जिले में 22 परीक्षा केंद्रों पर 10,080 परीक्षार्थी पंजीकृत
- चार जोन व 22 सैक्टरों में किया जनपद को विभाजित

मुजफ्फरनगर, 21 दिसम्बर (बु.)। उत्तर प्रदेश प्रवर अधीनस्थ सेवा (पीसीएस) प्रारंभिक परीक्षा वर्ष-2024 आज जनपद में 22 परीक्षा केंद्रों पर होगी। दो पालियों में होने वाली परीक्षा के लिए जिले को 4 जोन और 22 सैक्टरों में बांटे जाने के साथ सुरक्षा के सभी प्रबंध किए हैं। शनिवार को इन्हीं व्यवस्थाओं को परखने के साथ मिली खामियों को दुरूस्त किया गया। सीसीटीवी कैमरों के साथ पुलिस की कड़ी निगरानी में परीक्षा संपन्न कराने को सभी अधिकारी जिम्मेदारी तय कराने के साथ हर स्थिति पर नजरें गढ़ाए हैं। जनपद में होने वाली उक्त परीक्षा में मेरठ, सहारनपुर समेत आगरा जनपद तक के परीक्षार्थी केंद्रों पर परीक्षा में प्रतिभाग करने के लिए पहुंचेगे।

उत्तर प्रदेश प्रवर अधीनस्थ सेवा प्रारंभिक परीक्षा रविवार को जिले के 22 परीक्षा केंद्रों पर दो पालियों में दो-दो घंटे की संपन्न कराने को जिला प्रशासन अलर्ट मोड पर है। जनपद में बनाए गए सीसीटीवी कैमरों व पुलिस की कड़ी जांच में संपन्न होने वाली इस परीक्षा के लिए व्यवस्था की गई है। सुबह और दोपहर दोनों पालियों में अभ्यर्थी की प्रवेश से पूर्व परीक्षा केंद्रों के बाहर तलाशी होगी, जिसके बाद उन्हें कक्षा में प्रवेश दिलाया जाएगा। इस परीक्षा को नकलविहीन, शांतिपूर्ण व शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए प्रशासनिक अधिकारियों के साथ पुलिस अधिकारी भी तैनात रहेंगे। वहीं सुरक्षा कारणों से परीक्षा केंद्रों व आसपास पुलिसकर्मी सिविल ड्रेस में भी तैनात रहेंगे। परीक्षा की सफलता की खातिर डीएम उमेश मिश्रा ने सभी केंद्र प्रभारियों समेत अधिकारियों की बैठक में बाहर से मुजफ्फरनगर में पहुंचने वाले परीक्षार्थियों की मदद के लिए मुस्तैद रहने के निर्देश दिए हैं। इसके चलते रेलवे स्टेशन एवं रोडवेज डिपो सहित अन्य निजी बस स्टैंडों पर पुलिस बल तैनात रहेगा। परीक्षा की पूर्ण तैयारियों के लिए शनिवार की शाम केंद्र प्रभारियों के साथ डीएम ने बैठक करते हुए आयोग के निर्देशों का पालन करने के निर्देश दिए हैं।

इन्होंने बताया-

डीआइओएस राजेश श्रीवास ने बताया कि पीसीएस प्री परीक्षा का आयोजन जनपद के कुल 22 परीक्षा केन्द्रों पर दो पालियों में परीक्षा संपन्न होगी। रविवार सुबह प्रातः 9.30 बजे से 11.30 बजे तक प्रथम पाली व दोपहर 2.30 बजे से सायं 4.30 बजे के बीच दूसरी पाली में परीक्षा संपन्न होगी। उन्होंने बताया कि परीक्षा केन्द्रों में परीक्षा से डेढ़ घंटे पहले प्रवेश होगा। जनपद में सभी 22 केंद्रों पर 10,080 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं, इसके लिए सभी परीक्षा केंद्रों पर एक पाली के लिए कुल 480 अभ्यर्थियों की सीटिंग व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि पीसीएस-प्री परीक्षा के लिए इस बार आयोग से सीधे हर स्थिति पर निगरानी रखे जाने की तैयारी है। शनिवार को परीक्षा से पहले अधिकारियों ने कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया। इसके अलावा केंद्रों पर भी अधिकारियों व केंद्र प्रभारियों ने निरीक्षण कर इससे जुड़ी आख्या डीएम उमेश मिश्रा को सौंपी है।

पुलिस प्रशासन ने जारी की एडवायजरी, मांगा सहयोग

जनपद में इन केंद्रों पर होगी पीसीएस की परीक्षा

मुजफ्फरनगर, 21 दिसम्बर (बु.)। रविवार को जनपद में होने वाली पीसीएस-प्री परीक्षा के लिए 22 परीक्षा केंद्र बनाए हैं। हालांकि सुरक्षा कारणों से जिला प्रशासन शनिवार सायं तक इन केन्द्रों की सूची सार्वजनिक करने से बचता रहा। देर सायं एसएसपी की ओर से जारी ट्रैफिक एडवायजरी में रविवार को पीसीएस की परीक्षा के दौरान परीक्षार्थियों के साथ ही उनके अभिभावकों से सुरक्षा कारणों से समय से पूर्व निर्धारित परीक्षा केंद्र पर पहुंचने के लिए वाहनों की पार्किंग व समय का पूर्ण ध्यान रखने की अपील की। रविवार को जनपद में होने वाली पीसीएस-प्री परीक्षा के लिए 22 परीक्षा केंद्रों में नगरीय क्षेत्र में आर्य समाज रोड स्थित डीएवी इंटर कॉलेज, रोडवेज बस स्टैंड एसडी इंटर कॉलेज, नगरपालिका इंटर कॉलेज, जैन कन्या इंटर कॉलेज नई मंडी, एसडी गर्ल्स इंटर कॉलेज गांधी कॉलोनी, वैदिक पुत्री पाठशाला इंटर कॉलेज नई मंडी, इस्लामिया इंटर कॉलेज, दीपचंद्र जैन चैम्बर इंटर कॉलेज, चौधरी छोटूराम पीजी कॉलेज, आर्य समाज रोड डीएवी इंटर कॉलेज, डीएवी डिग्री कॉलेज, जैन कन्या पाठशाला इंटर कॉलेज प्रेमपुरी, एसडी डिग्री कॉलेज भोपा रोड, गांधी पॉलीटेक्निक, जय भारत इंटर कॉलेज छपार, केके इंटर कॉलेज बघरा, अमृत इंटर कॉलेज रोहाना, जय हिंद इंटर कॉलेज चरथावल, जनता इंटर कॉलेज, मुस्तफाबाद पचेंडा शामिल है।

पूर्व बल्लेबाज उथप्पा के खिलाफ धोखाधड़ी मामले में गिरफ्तारी वारंट

नई दिल्ली, 21 दिसंबर (बु.)। भारतीय टीम के पूर्व बल्लेबाज रॉबिन उथप्पा मुश्किलों में घिरते नजर आ रहे हैं और उनके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी हुआ है। उथप्पा पर कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ) योगदान में धोखाधड़ी करने का आरोप लगा है। यह मामला 23.36 लाख रुपये से संबंधित है जिसे कथित तौर पर कर्मचारी के खातों में जमा नहीं किया गया। दरअसल रॉबिन उथप्पा सेंचुरीज लाइफस्टाइल ब्रांड प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में हिस्सेदार हैं और मैनेजमेंट का उनके जिम्मे हैं। उथप्पा के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त शदाक्षरा गोपाल रेड्डी द्वारा जारी किया गया है। कंपनी के कर्मचारियों ने आरोप लगाया है कि हर महीने कंपनी की तरफ से पीएफ के पैसे काटे गए, लेकिन ये उनके पीएफ अकाउंट में जमा ही नहीं किए गए हैं। यह पूरी रकम 23 लाख बताई जा रही है। ऐसे में उथप्पा पर अब धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया गया है।

शादी समारोह में जा रहे बाइक सवार को कार ने टक्कर मारी, पैर टूटा

मीरापुर, 21 दिसम्बर (बु.)। मीरापुर के मोंटी तिराहे पर तेज गति से आयी एक अनियंत्रित कार ने शादी समारोह में शामिल होने जा रहे युवकों को टक्कर मार दी। टक्कर से बाइक सवार एक युवक का पैर टूट गया। शनिवार को भोपा थाना क्षेत्र के गांव जौली निवासी मोहर्रम अली पुत्र मीरु अपनी बाइक से अपने भांजे हैदर के साथ जौली से मीरापुर के गांव कैथोड़ा अपनी रिश्तेदारी में एक शादी समारोह में शामिल होने आ रहा था। जैसे ही इनकी बाइक मीरापुर में मोंटी तिराहे पर पहुँची, तभी रामराज की ओर से तेज गति से आ रही एक अनियंत्रित कार ने सीधे इनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक सवार दूर जाकर गिरे और बाइक पर सवार मोहर्रम अली का पैर टूट गया, जबकि हैदर मामूली रूप से घायल हो गया तथा इनकी बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गयी। आसपास के लोगों ने दौड़कर घायलों को उठाया। और 108 एम्बुलेंस की मदद से घायल को उपचार के लिए सीएचसी जानसठ भिजवाया। आरोपी चालक कार लेकर मौके से फरार हो गया।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ समन जारी

बरेली, 21 दिसंबर (बु.)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी की ओर से दिए गए बयान को लेकर एमपी एमएलए कोर्ट ने उनके खिलाफ वाद दायर कर लिया है। साथ ही नोटिस जारी कर सुनवाई के लिए सात जनवरी 2025 को न्यायालय में पेश होने के आदेश दिए हैं। अखिल भारतीय हिंदू महासभा के मंडल अध्यक्ष पंकज पाठक ने कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान बयान दिया था कि कांग्रेस पार्टी के सत्ता में आने पर आर्थिक सर्वेक्षण कराया जाएगा। इसके आधार आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों में संपत्तियों को बांटा जाएगा। इस बयान का लंबे समय तक विरोध भी किया गया था। विशेष तौर पर इससे हिंदू समुदाय में डर बैठ गया था। इसके बाद बरेली के अवर न्यायालय में वाद दायर किया गया था। मामला एक बार अवर न्यायालय से खारिज हो गया था। इसके बाद अब एमपी एमएलए कोर्ट ने मामले में संज्ञान लेते हुए मामले वाद दायर कर सुनवाई के लिए सात जनवरी 2025 को राहुल गांधी को पेश होने के आदेश दिए हैं। न्यायालय में अध्यक्ष की ओर से तर्क दिया गया था कि इससे दो समुदायों में हिंसात्मक घटना हो सकती है।

हनी सिंह व कुमार विश्वास ने की हरिद्वार के मंदिर में पूजा

हरिद्वार, 21 दिसंबर (बु.)। श्यामपुर स्थित नीलेश्वर महादेव मंदिर में शुक्रवार को सिंगर व रैपर हनी सिंह और साहित्यकार डॉ. कुमार विश्वास ने पूजा-अर्चना की। सिद्धपीठ दक्षिण काली मंदिर पहुंचे बॉलीवुड सिंगर और कवि डॉ. कुमार विश्वास के पहुंचने की सूचना पर कई लोग जा पहुंचे। हनी सिंह ने कहा कि हाल ही में उनकी एक डाक्यूमेंट्री आने वाली है। इसमें उनके जीवन पर आधारित तमाम तथ्य हैं। वहीं, कुमार विश्वास ने कहा कि धर्मनगरी में आना सौभाग्य का विषय है। उन्होंने कहा कि यहां कण-कण में भगवान के अंश समाहित हैं। ध्यान योग और आध्यात्म की ऊर्जा से मिलने वाली शक्ति ही ईश्वर का बोध कराती है। पूजन अनुष्ठान में कुमार विश्वास ने भगवान शिव की स्तुति अपने स्वर में की। उन्होंने महादेव के परिसर को पूरे भक्तिमय माहौल में करने का भरपूर प्रयास किया। वहीं, हनी सिंह ने भी प्रशंसकों के प्रति अपनी अभिव्यक्ति दी। उन्होंने नीलेश्वर महादेव मंदिर के प्रति अपनी आस्था को भी व्यक्त किया। कहा कि वह पहले यहां पर कई बार रात्रिकाल में पूजा अर्चना कर चुके हैं। दोनों कलाकारों ने धर्म और आस्था में प्रचार प्रसार या बयान को वर्जित बताया।

अचानक गिरी तीन मंजिला इमारत, कई लोग दबे

मोहाली के भवन में थे जिम, पीजी और ट्यूशन सेंटर ▸ बेसमेंट के लिए खुदाई करते हुए हादसा

मोहाली, 21 दिसंबर (एजेंसी)। शनिवार शाम गांव सोहाना में एक दर्दनाक हादसा हुआ। यहां एक तीन मंजिला इमारत, जिसमें जिम, ट्यूशन सेंटर और पीजी संचालित हो रहा था, अचानक ढह गई। हादसे के वक्त इमारत में 10 से 15 लोगों के मौजूद होने की संभावना जताई गई है, जिनके मलबे में दबे होने की आशंका है। हादसे के समय बेसमेंट में खुदाई का काम चल रहा था। हादसा शाम करीब 5 बजे हुआ है। जानकारी के मुताबिक, इमारत की बेसमेंट और ग्राउंड फ्लोर पर एक जिम चल रहा था। घटना के वक्त जिम में लोग व्यायाम कर रहे थे। फर्स्ट फ्लोर पर एक ट्यूशन सेंटर में बच्चे पढ़ाई कर रहे थे, जबकि सेकेंड फ्लोर पर कुछ युवक और युवतियां पीजी में मौजूद थे। इमारत अचानक से गिर गई। हादसे के तुरंत बाद इलाके में दहशत फैल गई और लोगों ने पुलिस व दमकल विभाग को इसकी सूचना दी। बताया जा रहा है कि इस तीन मंजिला इमारत के बगल में बेसमेंट की खुदाई का काम चल रहा था। इमारत के मालिक धमन सिंह ने हाल ही में इमारत के पास का प्लाट खरीदा था और वहां एक नई इमारत बनाने के लिए खुदाई करवा रहे थे। खुदाई के दौरान जेसीबी मशीन काम में लगी हुई थी। इसी दौरान तीन मंजिला इमारत की नींव कमजोर हो गई और यह हादसा हो गया। एनडीआरएफ, आर्मी, दमकल विभाग और स्वास्थ्य विभाग की टीमें मौके पर पहुंचकर राहत व बचाव कार्य में जुटी हुई थी। मलबे को हटाने के लिए जेसीबी मशीन और अन्य उपकरणों का इस्तेमाल किया जा रहा है। शाम 7:15 बजे तक मलबे में दबे एक युवती को सुरक्षित निकाला गया। वहीं 8 बजे दूसरी युवती जो भी सुरक्षित निकल लिया गया है।

शेष -मां-बाप पैसा कमाएं ....

जरूरतों को पूरा करने के लिए दिनभर पैसा कमाएंगे या फिर बच्चों पर निगाह रखेंगे। ऐसे में बच्चों को ही अनुशासन और संस्कार के पाठ पढ़ाने के साथ-साथ यह भी एहसास कराना होगा कि मां-बाप अपने लिए नहीं उनके लिए ही मारे-मारे घूम रहे हैं। यदि वे ही बच्चे बिगड़ जायेंगे तो उनकी सारी दौलत धरी की धरी रह जाएगी। अंदाजा लगाइये कि जिन मां-बाप को पता लगता होगा कि उनके बच्चे आखिर कैफे के नाम पर किन-किन अनैतिक कार्यों को अंजाम देते फिर रहे हैं, उन मां-बाप के लिए कैसा जीने-मरने का सवाल सामने खड़ा हो जाता होगा? ऐसे मां-बाप अपने आपको जीते जी मरा ही महसूस करते होंगे, मगर शायद बच्चों को इस बात की भी अब कोई शर्म नहीं रही कि आखिर मां-बाप का नाम ऊंचा करने की बजाए वे गुमराह करने वाले दोस्तो के कहने में आकर कैफे-होटलों में जाकर किस तरह उनका नाम नीचा कर रहे हैं। माता-पिता के लिए अब यह बड़ी विड़म्बना सामने आने लगी है कि वह बच्चों को संस्कार दें या फिर उनके सपनों को पूरा करने के लिए पैसा कमाकर लायें। दोनों तरह से मां-बाप पिसते दिखाई दे रहे हैं।

शेष - संयुक्त परिवार ये तो....

जवाब यही आएगा कि पहले अपने बच्चों को देख ले। इसी के चलते आज डर-भाव भी खत्म हो चुका है। सिर्फ भाई-भाई ही नहीं दादा-दादी भी अलग रहने लगे हैं। विवाहित लोगों को यह नहीं पता कि घर के यही बुजुर्ग चौकीदार का काम करते हैं। आते जाते पोता-पोती को टोकना कि आखिर वो जा कहां रहे हैं? बस इतना सा काम ही बच्चों को डर का एहसास दिलाया करता था। और संयुक्त परिवार में बच्चों की कुटाई कब चाचा या ताऊ कर देंगे यह भी पूछताछ एक दूसरे से नहीं हुआ करती थी। चाचा ने पिटाई कर दी तो बड़ा भाई उनसे यह नहीं पूछता था कि तूने मेरे बेटे की पिटाई क्यों की? मिलाकर मिलाकर संयुक्त परिवार के बंटवारे होने से एकल जीवन जी रहे परिवार अपने बच्चों पर ही ध्यान नहीं दे पा रहे इस कारण भी नौजवानों व नाबालिगों का माहौल बिगड़ रहा है। यदि हम लोग आज भी संभले और बेशक आपस में कितना भी झगड़ा क्यों न हो, बिना दीवार खींचे एक घर में ही रहा जाये तो फिर भी आने वाली पीढ़ियों को संभाला जा सकता है।

शामली में चलती रोडवज बस में लगी भीषण आग, 30 यात्री थे सवार

शामली, 21 दिसंबर(बु.)। शामली में आज दोपहर उस समय बड़ा हादसा हुआ जब एक रोडवेज बस अचानक जलने लगी। दिल्ली-सहारनपुर हाईवे पर जलालाबाद में बिजली घर के निकट लोनी डिपो की रोडवेज बस में शॉर्ट सर्किट होने से आग लग गई। हालांकि समय से पता चलने के कारण इसमें बड़ा हादसा होने से बचा। बताया गया कि चालक ने सूझबूझ दिखाते हुए आग लगते ही बस को हाईवे किनारे रोक दिया और सभी सवारियों को उतार दिया। बस में लगभग 30 यात्री सफर कर रहे थे। सभी यात्री और बस चालक व परिचालक सुरक्षित बच गए। आग लगने से पूरी बस जल गई। मौके पर पहुंची दमकल की गाड़ी ने आग पर काबू पाया।

मेरठ में कथा और पीसीएस परीक्षा की भीड़ से रेलगाड़ियों में रही धिचपिच

मुजफ्फरनगर, 21 दिसंबर (बु.)। कल पीसीएस परीक्षा और मेरठ में चल रही कथा के आज अंतिम दिन के चलते रेलगाड़ियों में मारा मारी का आलम रहा। आज सुबह बड़ी संख्या में महिलाएं और अन्य श्रद्धालु मेरठ के लिए रवाना हुए। इसके चलते सुबह की रेलगाड़ियों में भीड़ रही। इसके बाद शाम के समय यह लोग लौटे और दूसरी तरफ पीसीएस परीक्षा के लिए अभ्यर्थियों के आने का क्रम शुरू होने के कारण शाम के समय यहां आने वाली रेलगाड़ियों में बड़ी संख्या में युवा परीक्षा के लिए पहुंचे। ज्ञात रहे कि कल जिले में पीसीएस की परीक्षा होनी है। इसके लिए बड़ी संख्या में बाहर से अभ्यर्थी यहां पहुंच रहे हैं। दूसरी तरफ मेरठ में कथा व्यास प्रदीप शुक्ला की कथा का आज अंतिम दिन था। गत दिवस वहां भगदड़ मचने के बावजूद आज भी इस कथा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां से मेरठ पहुंचे। इनमें बड़ी संख्या में महिलाएं थीं। ऐसे में ट्रेन उनके लिए सहारा बनी। सुबह जाते और शाम को वहां से लौटते समय उन्हें युवा अभ्यर्थियों की भीड़ का भी सामना करना पड़ा।

मेरठ महोत्सव में बोले कुमार विश्वास कि तुम पहले भी भगवान राम के भरोसे थे, अब भी राम के भरोसे हो

मुजफ्फरनगर, 21 दिसम्बर (बु.)। कुमार विश्वास लम्बे अरसे बाद मेरठ महोत्सव कार्यक्रम में शिरकत करने के लिए पहुंचे जहां बीजेपी के पूर्व सांसद राजेन्द्र अग्रवाल कार्यक्रम में मौजूद रहे, मगर वर्तमान सांसद रामायण के राम अरुण गोविल यहां कार्यक्रम में मौजूद नहीं थे। कार्यक्रम में कुमार विश्वास ने चुटकी लेते हुए कहा कि आप पहले भी राम के भरोसे थे, आगे भी उनके ही भरोसे रहोगे। मगर पहले के राम असली राम थे। उन्होंने आगे याद दिलाते हुए कहा कि मैंने 44 देशों की यात्रा कर ली है मगर मैंने कभी अपने आपको गाजियाबाद का नहीं बताया, क्योंकि मैं मेरठ में ही पैदा हुआ हूँ। हमारे यहां कहावत है कि हाथी घूमे गांव-गांव, जिसका हाथी उसी की नाव। उन्होंने मीडिया वालों पर भी चुटकी लेते हुए कहा कि आज देशभर की मीडिया यहां मौजूद है, ये इसलिए नहीं आए हैं कि कल कवि सम्मेलन अपने चैनल पर दिखायें बल्कि इसलिए आए हैं क्योंकि कुमार विश्वास कुछ बोले और तुरन्त ब्रेकिंग न्यूज चला दें। उन्होंने आगे मेरठ महोत्सव की तारीफ करते हुए कहा कि यह महोत्सव देश के लिए सबसे श्रेष्ठ महोत्सव की सूची में शामिल होगा। आपको बता दें कि 21 दिसम्बर से 25 दिसम्बर तक मेरठ में मेरठ महोत्सव आयोजित किया गया है, जहां रात को वॉलीवुड नाइट होगी दिन में इंटलेक्चुएल टॉप्स और टैक्सेशन होंगे। इस महोत्सव में सांसद और वॉलीवुड अभिनेत्री अपनी गंगा अवतरण नृत्य नाटिका भी प्रस्तुत करेंगी।